Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 235 | शुक्रवार, 04 सितम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## यूपी अब दंगा और कर्फ्यू से मुक्त, त्योहार बने पहचान: सीएम योगी

### 1,051 करोड़ की 229 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, कानून-व्यवस्था में बदलाव को बताया साढ़े नौ साल की बड़ी उपलब्धि

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मथुरा दौरे के दौरान राज्य की कानून-व्यवस्था और विकास को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब दंगों और कर्फ्यू के दौर से पूरी तरह आगे निकल चुका है और आज प्रदेश की पहचान त्योहारों तथा बड़े धार्मिक आयोजनों के सफल आयोजन से बन रही है।



मथुरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 1,051 करोड़ रुपये की लागत वाली 229 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास को केवल बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि किसी राज्य की प्रगति में उसकी सांस्कृतिक विरासत और पहचान की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए उसके इतिहास और परंपराओं को जानना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अतीत में विकास के नाम पर देश की सांस्कृतिक विरासत की अनदेखी और अपमान करने के प्रयास भी किए गए।

#### सनातन और सांस्कृतिक विरासत का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने सदियों से विदेशी आक्रमणों का सामना किया, लेकिन भारत की सामूहिक स्मृति, परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को समाप्त नहीं किया जा सका। उन्होंने इसे सनातन परंपरा और ब्रज की पहचान से जोड़ते हुए काशी और अयोध्या का उदाहरण भी दिया। काशी का उल्लेख करते हुए योगी ने काशी विश्वनाथ धाम को सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जीवन का उदाहरण बताया। वहीं अयोध्या का जिक्र करते हुए उन्होंने राम मंदिर को सनातन भावना के बने रहने का प्रतीक बताया।

#### कांवड़ यात्रा का उदाहरण देकर कानून-व्यवस्था पर जोर

कानून-व्यवस्था की स्थिति पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब कर्फ्यू-मुक्त है। उन्होंने बड़े धार्मिक आयोजनों के सफल संचालन को प्रदेश में आए बदलाव का उदाहरण बताया। कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें करीब 5 करोड़ लोग शामिल हुए। योगी ने मथुरा की 2016 की जवाहर बाग घटना का भी उल्लेख किया, जिसमें 29 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा उन्होंने मेरठ और लखनऊ में पूर्व में हुई सांप्रदायिक हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश की स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश पिछले साढ़े नौ वर्षों से दंगों और कर्फ्यू से मुक्त है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में त्योहार उसकी पहचान बन चुके हैं और बड़े धार्मिक आयोजनों का शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन राज्य में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का संकेत है।

## बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन का उत्तराखंड दौरा, 2027 चुनावी रणनीति पर मंथन

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 9 और 10 सितंबर को उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे हल्द्वानी और रुद्रपुर में कई संगठनात्मक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अपने दौरे के तहत, नितिन नवीन बीजेपी उत्तराखंड राज्य कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में संगठन से जुड़े अहम मुद्दों, जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने और आने वाली राजनीतिक चुनौतियों के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करने पर ध्यान दिया जाएगा। अपने दौरे के दौरान, नितिन नवीन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं से बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि चचाओं में संगठन के



विस्तार, पार्टी के अलग-अलग स्तरों के बीच तालमेल और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँच बढ़ाने की कोशिशों पर बात होगी। वह एक सैनिक सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे, जिससे उन्हें सेना के सेवारत और रिटायर्ड सदस्यों से बातचीत करने और रक्षा कर्मियों व उनके परिवारों के कल्याण और योगदान से जुड़े मुद्दों को उठाने का मौका मिलेगा।

## पंजाब की वोटर लिस्ट से नाम हटने पर भड़के राघव चड्ढा

### आप पर लगाया 'राजनीतिक बदले' का आरोप, पार्टी का पलटवार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पंजाब में वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट को लेकर सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को दावा किया कि पंजाब की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में उनका नाम कथित तौर पर 'शिफ्टेड' (दूसरी जगह स्थानांतरित) की श्रेणी में डाल दिया गया है। चड्ढा ने इसके पीछे सत्ताधारी आम आदमी पार्टी पर 'राजनीतिक बदले की भावना' से काम करने का गंभीर आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर) पर एक विस्तृत पोस्ट साझा करते हुए राघव चड्ढा ने कहा कि यह कोई प्रशासनिक या क्लर्क की गलती नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद से आप नेतृत्व उनसे बदला लेने की कोशिश कर रहा है। (पहले ट्विटर) पर एक लंबी पोस्ट में, चड्ढा ने दावा किया कि यह कोई 'क्लर्क की गलती' नहीं है, बल्कि 'राजनीतिक बदले' का मामला है। SIR के हर स्तर पर - बूथ लेवल ऑफि सर्स से लेकर पंजाब के चीफ इलेक्टोरल ऑफि सर तक - पंजाब सरकार के कर्मचारी तैनात



हैं। वे जानते हैं कि 'चुनाव ड्यूटी खत्म होने के बाद AAP ही उनके ट्रांसफर, पोस्टिंग और करियर को कंट्रोल करती है'। इस साल की शुरूआत में AAP छोड़कर BJP में शामिल हुए चड्ढा ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी राजनीतिक बदला लेने के लिए राज्य के अधिकारियों के जरिए राजनीतिक दबाव डालती है। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी AAP के आदेश मानने को मजबूर होते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि 'कौन उनका ट्रांसफर कर सकता है और कौन उनकी ज़िंदगी मुश्किल बना सकता है'। उन्होंने कहा, 'जब से मैंने भ्रष्ट आम आदमी पार्टी छोड़ी है, तब से उसकी लीडरशिप गुस्से से जल रही है।' 'उसने पंजाब पुलिस और पंजाब सरकार के प्रशासनिक तंत्र को हममें से उन लोगों के खिलाफ लगा दिया है जिन्होंने चुप रहने से इनकार कर दिया। AAP छोड़कर BJP में शामिल होने वाले दूसरे सांसदों को भी पंजाब सरकार ने निशाना बनाया है।'

#### चड्ढा ने एउककी गाइडलाइंस का ज़िक्र किया

माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट पर अपनी पोस्ट में, राज्यसभा सांसद ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रक्क्क्के लिए जारी गाइडलाइंस के पैराग्राफ 4(D) का ज़िक्र किया। इसके तहत जन-प्रतिनिधियों - जैसे सांसद, विधायक और जज - के लिए एक 'प्रोटेक्टेड लिस्ट' (सुरक्षित सूची) होती है, जिनकी पहचान की गई है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब से मौजूदा सांसद होने के बावजूद पैराग्राफ 4(D) का कथित तौर पर उल्लंघन किया गया। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट का ड्राफ़्ट कोई 'निजी संपत्ति' नहीं है। उन्होंने कहा, 'न्यायपालिका के सदस्यों, जन-प्रतिनिधियों, घोषित पदों पर बैठे लोगों और कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल और जन-सेवा जैसे क्षेत्रों की हस्तियों के नाम, जिन्हें पहले चुनावी डेटाबेस में चिह्नित किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी स्कूलों में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक के खिलाफ याचिका की खारिज



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** तीन सितंबर उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पत्रकारों, यूट्यूबर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और नागरिक समाज के सदस्यों के प्रवेश पर संबंधित शिक्षा विभागों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) खारिज कर दी है। इस याचिका का खारिज होना इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाल ही में राजस्थान में ''स्कूल ठीक करो'' अभियान के तहत एक सरकारी स्कूल का निरीक्षण करने गए कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के कार्यकताओं पर हमला हुआ था। न्यायालय पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने प्रिया मिश्रा की ओर से दायर संबंधित याचिका खारिज कर दी। पीठ ने अपने एक सितंबर के आदेश में कहा, ''हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।'' इस जनहित याचिका में सरकारी स्कूलों में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, साक्षात्कार, ऑडियो रिकॉर्डिंग और लाइव-स्ट्रीमिंग पर लगाए गए प्रतिबंधों को भी चुनौती दी गई थी। इसमें विशेष रूप से राजस्थान के माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा 16 अगस्त को जारी एक परिपत्र को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत बाहरी लोगों को सरकारी स्कूल के परिसर में प्रवेश करने से पहले प्राचार्य से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है।

## हिमालयी क्षेत्रों में GLOF, हिमस्खलन का बड़ा खतरा! एमएचए ने राज्यों को किया अलर्ट

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने हिमालयी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड और बर्फ के हिमस्खलन के लिए शुरूआती चेतावनी सिस्टम और निगरानी को और मजबूत करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश जोखिम वाले ग्लेशियल झीलों और हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों की लगातार और सक्रिय निगरानी पर जोर देता है, खासकर तब जब जोखिम ज्यादा हो।

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश जारी किए। उन्होंने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे अपनी तैयारियों की योजनाओं का फिर से आकलन करें, शुरूआती चेतावनी और लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुँचाने (इवैक्यूएशन) के तरीकों में कमियों की पहचान करें और किसी भी संभावित बड़ी घटना से पहले जरूरी सुधार लागू करें। इस बैठक में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और राज्य आपदा



प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए। साथ ही, MHA, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण केंद्रीय जल आयोग , भारत मौसम विज्ञान विभाग और डिफेंस जियो-इन्फॉर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक में हिमालयी क्षेत्र में GLOF (ग्लेशियर झील के फटने से आने वाली बाढ़) के बढ़ते खतरों पर चर्चा हुई। इसमें खास तौर पर अर्ली वार्निंग सिस्टम (समय से पहले चेतावनी देने वाले सिस्टम), संवेदनशील झीलों और बर्फ से ढके इलाकों की निगरानी, ज्यादा जोखिम वाली जगहों और पानी के बहाव के रास्तों की पहचान, समय पर अलर्ट जारी करने, लोगों को सुरक्षित निकालने की तैयारी और रिस्पॉन्स सिस्टम को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया गया। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने जोर देते हुए कहा कि GLOF और बर्फ.के हिमस्खलन के लिए तैयारी सिर्फ. घटना के बाद की कार्रवाई (रिस्पॉन्स) तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें जोखिम को ध्यान में रखकर योजना बनाना, बचाव के उपाय करना और समुदाय-स्तर पर तैयारी करना भी शामिल होना चाहिए। MHA ने यह भी कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई कि वे अपनी तैयारियों की योजनाओं की नियमित समीक्षा करें, अर्ली वार्निंग और लोगों को सुरक्षित निकालने की व्यवस्था में कमियों की पहचान करें और किसी भी बड़ी घटना से पहले जरूरी सुधारात्मक कदम उठाएं।

## 5 करोड़ में रेप केस डील! पंजाब सीएम भगवंत मान पर बीजेपी का गंभीर आरोप

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को बीजेपी ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और उनकी पत्नी बिचौलियों के जरिए एक रैकेट चला रहे थे, जिसमें 5 करोड़ रुपये के बदले रेप के मामलों को सुलझाया जा रहा था। बीजेपी के ये आरोप इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर गुरविंदर सिंह चहल से जुड़े एक मामले से संबंधित हैं, जिन्हें एक महिला के अपहरण और रेप के आरोप में गिरफ़्तार किए जाने के सिर्फ.दो महीने बाद ही रिहा कर दिया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप





भंडारी ने ऑडियो रिकॉर्डिंग और दस्तावेज पेश किए। उन्होंने आरोप लगाया कि गंभीर आपराधिक जांच को खत्म करने के लिए ऊंचे स्तर पर दखलंदाजी का सौदा किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि आज हम आपके सामने जो दो मुद्दे रख रहे हैं, वे देश के आम नागरिकों से जुड़े हैं।

## खरगे ने नड्डा को लिखा पत्र: किस वादे की दिलाई याद? बोले- यह करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा है मामला

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के बाद किए गए शुद्धिकरण के मुद्दे पर सियासी रार अभी भी जारी है। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखा है। खरगे ने नड्डा को उनके वादे की याद दिलाई और शुद्धिकरण के आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग दोहराई। खरगे ने पत्र में लिखा कि 24 दिन बीत जाने के बाद भी इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों और संगठनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

#### पत्र में खरगे ने क्या लिखा?



कांग्रेस अध्यक्ष ने जेपी नड्डा को लिखे पत्र में कहा, 'यह मुद्दा मेरे लिए व्यक्तिगत हित या भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में मेरी भूमिका से कहीं ज्यादा बड़ा है। यह करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा है, जो हर दिन इस क्रूर वास्तविकता का सामना करते हैं। ऐसे कुकर्म करने वाले लोगों को सबक सिखाना जरूरी है।' खरगे ने नड्डा से अपील की कि वे उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को मंच शुद्धिकरण करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दें। खरगे ने याद दिलाया कि नड्डा ने राज्यसभा में उन्हें आश्वासन दिलाया था कि शुद्धिकरण की घटना में शामिल लोगों और संगठनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। खरगे ने कहा कि यह घटना एक दलित नेता के रूप में उनकी पहचान से जुड़ी है और उन्होंने सवाल उठाया कि क्या लोकतंत्र में ऐसी प्रथाएं स्वीकार्य हैं?

#### नड्डा ने क्या वादा किया था?

राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शुद्धिकरण विवाद पर कहा, 'खरगे जी ने जो कहा, वह वाकई दुखद है, न सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए, बल्कि हम सभी के लिए के लिए यह दुखद है। लेकिन हम इसकी जांच करेंगे। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि वहां जो कुछ भी हुआ, उसकी निश्चित रूप से जांच की जाएगी।

## सत्येन्द्र जैन जमानत: आपने क्या हासिल किया? पीएम मोदी पर बरसे अरविंद केजरीवाल

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड STP टेंडर मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से पूर्व दिल्ली मंत्री सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने के बाद, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। गिरफ़्तारी के आधार पर सवाल उठाते हुए, अअढ प्रमुख ने कहा कि जैन को बिना किसी पुलिस पूछताछ के सीधे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जिसे उन्होंने एक 'कमजोर मामला' बताया। केजरीवाल ने कहा, 'आज सत्येंद्र जैन को जमानत मिल गई है। उन्हें गिरफ़्तार क्यों किया गया था? कोई नहीं समझ पाया। आम तौर पर,





किसी को पूछताछ के लिए गिरफ़्तार किया जाता है। इसके लिए पुलिस हिरासत ली जाती है। पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद, व्यक्ति न्यायिक हिरासत में जाता है। इस मामले में, सत्येंद्र जैन को पुलिस हिरासत में नहीं भेजा गया। उनसे कोई पूछताछ नहीं की गई।

## चेन्नई में बनेगी वर्ल्ड क्लास 'ओलंपिक सिटी' और 'मोटरस्पोर्ट्स सिटी', तमिलनाडु के सीएम विजय का बड़ा एलान

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। सीएम विजय ने चेन्नई को ओलंपिक सिटी बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही सीएम विजय ने फॉर्मूला 1 रेस की मेजबानी के लिए चेन्नई में एक मोटर स्पोर्ट्स सिटी बनाने का भी एलान किया है। दरअसल, गुरुवार को सीएम विजय ने चेन्नई में एक विश्व स्तरीय 'तमिलनाडु



ओलंपिक शहर' और फॉर्मूला 1 रेसों की मेजबानी के लिए एक समर्पित 'मोटरस्पोर्ट्स शहर' स्थापित करने का एलान किया।

इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में इंटरनेशनल लेवल के एथलीट तैयार करना और पर्यटन व ऑटो निर्माण उद्योग के जरिए आर्थिक विकास को गति देना है। सीएम विजय ने विधानसभा में कहा कि मोटर स्पोर्ट्स में युवाओं की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें ट्रेनिंग और रेसिंग के मौके दिए जाएंगे, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के चैंपियन बन सकें। मुख्यमंत्री विजय ने गुरुवार को विधानसभा में घोषणा की कि उनकी सरकार चेन्नई में विश्व स्तरीय तमिलनाडु ओलंपिक शहर की स्थापना करेगी।

## अभिषेक बनर्जी के ऑफिस में तोड़फोड़ के बाद टीएमसी-बीजेपी में जुबानी जंग तेज, पुलिस ने 6 को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी के कोलकाता के कैमक स्ट्रीट स्थित ऑफिस में कथित तौर पर तोड़-फोड़ और हिंसा के बाद राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। टीएमसी नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी समर्थित गुंडों ने ऑफिस में घुसकर सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की। इन आरोपों को



खारिज करते हुए पश्चिम बंगाल बीजेपी प्रमुख ने कहा कि पार्टी का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने इस तोड़-फोड़ को टीएमसी की अंदरूनी कलह का नतीजा बताया। बीजेपी ने कहा कि वह लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करती है, जबकि टीएमसी कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ रहे हैं। इस बीच, कोलकाता पुलिस और नगर निगम के अधिकारी पहले ही एक अवैध बिलबोर्ड विवाद के सिलसिले में उस जगह का दौरा कर चुके हैं और ऑफिस में हुई तोड़-फोड़ की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि तोड़-फोड़ की यह घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई। बाद में, कोलकाता पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ़्तार किया। तृणमूल कांग्रेस की नेता उपासना चौधरी ने न्यायपालिका, खासकर कलकत्ता हाई कोर्ट से अपील की कि वे जो हो रहा है, उस पर गंभीरता से ध्यान दें और पश्चिम बंगाल में कानून का शासन बनाए रखने के लिए कदम उठाएं।

## संपादक की कलम

# शिक्षा कोरी नियुक्ति ही नहीं, मुक्ति का माध्यम बने

शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि भारत की शिक्षा-दृष्टि, शिक्षक की भूमिका और भावी पीढ़ी के निर्माण पर गंभीर आत्ममंथन का दिन है। किसी राष्ट्र का भविष्य केवल उसके विद्यालयों की संख्या, भवनों की भव्यता, पुस्तकों की उपलब्धता या परीक्षाओं के परिणामों से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इस बात से तय होता है कि उसके विद्यालयों से निकलने वाला मनुष्य कितना ज्ञानवान, विवेकशील, संवेदनशील, चरित्रवान और उत्तरदायी है। इसलिए आज देश में केवल शिक्षा क्रांति की नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति की भी आवश्यकता है। यदि शिक्षा का स्वरूप बदलना है तो शिक्षा देने वाले व्यक्ति की चेतना, दृष्टि और कार्यशैली में भी परिवर्तन लाना होगा। पूरे देश में समान गुणवत्ता वाली शिक्षा की दिशा में प्रयास तभी सफल होंगे, जब प्रत्येक बच्चे को समान अवसर के साथ योग्य, संस्कारवान और प्रतिबद्ध शिक्षक मिलें। भारत की परंपरा में शिक्षा का अर्थ कभी केवल सूचना और रोजगार प्राप्त करना नहीं रहा। हमारी ज्ञान-परंपरा में गुरु वह था जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता था। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' भारतीय शिक्षा-दृष्टि की मूल चेतना को भी व्यक्त करता है। विद्या वह है जो मनुष्य के भीतर विवेक जगाए, उसके आचरण को परिष्कृत करे, उसे आत्मसंयम सिखाए और समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी बनाए। आज यदि शिक्षा का अर्थ केवल नौकरी, पद, वेतन और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होता जा रहा है तो हमें शिक्षा की आत्मा को पुनः खोजने की आवश्यकता है। शिक्षा के बदलते स्वरूप के साथ शिक्षक की भूमिका भी बदल रही है। कभी शिक्षा को 'सा विद्या या विमुक्तये' अर्थात मुक्ति और आत्मविकास का माध्यम माना गया था, लेकिन आज अनेक बार उसका लक्ष्य केवल 'नियुक्ति' प्राप्त करने तक सिमटता दिखाई देता है। ज्ञान का मूल्य इस आधार पर तय होने लगा है कि उससे कितनी आय और कितना ऊंचा पद प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षित होने की आकांक्षा बढ़ी है, लेकिन सुशिक्षित और संस्कारित होने की आकांक्षा उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की चिंता का विषय है। आज शिक्षा के व्यवसायीकरण ने इस संकट को और गहरा किया है। शिक्षा जहां मिशन और सामाजिक दायित्व होनी चाहिए थी, वहां कई स्थानों पर वह व्यवसाय का रूप लेती दिखाई देती है। जब ज्ञान की कीमत बाजार तय करने लगे और शिक्षक की सफलता केवल परिणाम तथा वेतन से मापी जाने लगे, तब शिक्षा के मानवीय और संस्कारात्मक पक्ष का कमजोर होना स्वाभाविक है। इसके साथ गुरु-शिष्य संबंधों में भी अनेक स्तरों पर दूरी दिखाई दे रही है। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता और हिंसा की घटनाएं हमें चेताती हैं कि केवल पाठ्यक्रम बदलने से शिक्षा का संकट समाप्त नहीं होगा। हमें संबंधों की संस्कृति, संवाद की परंपरा और पारस्परिक सम्मान को भी पुनर्जीवित करना होगा। महान दार्शनिक और शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन इस बात का उदाहरण है कि शिक्षक केवल पेशा नहीं, एक जीवन-दृष्टि हो सकता है। उन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने की इच्छा व्यक्त की थी। तभी से 5 सितंबर देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके जीवन से यह संदेश मिलता है कि शिक्षक का सम्मान केवल इसलिए नहीं कि वह पढ़ाता है, बल्कि इसलिए कि वह समाज की चेतना को दिशा देता है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। विद्यार्थी के सामने आज पुस्तक के अतिरिक्त इंटरनेट, सामाजिक माध्यम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और असंख्य डिजिटल स्रोत उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षक की उपयोगिता कम नहीं हुई, बल्कि और बढ़ी है।



**ललित शर्मा**
संपादक

## मेरी पीर हरो गुरांजी

**किशन भावनानी**



कविता

मेरी पीर हरो गुरांजी,चरणों में सिर धर दूँ,
मन के सारे दर्द सुनाऊँ,अपना सब कुछ कर दूँ।
अंधियारे में राह दिखाओ,ज्योत हृदय में भर दो,
मेरी सूनी झोली भर दो,जीवन सफल कर दो।

मेरी पीर हरो गुरांजी,टूटे मन को थामो,
भटके हुए मुसाफिर को,प्रेम की राह बताओ।
कर्मों के जो भार चढ़े हैं,कृपा से उन्हें उतारो,
डूब रही इस नैया को,गुरुदेव पार उतारो।

मेरी पीर हरो गुरांजी,दुख की रात मिटाओ,
सूखे नयनों में गुरुवर, प्रेम के दीप जलाओ।
जिस पल मन घबराने लगे,नाम तुम्हारा आए,
तेरी मेहर की छाँव मिले तो,हर संकट मिट जाए।

मेरी पीर हरो गुरांजी,अहंकार मेरा हर लो,
मन में दया, क्षमा और सेवा का सागर भर दो।
जिसने मुझको ठेस लगाई,उसको भी मैं अपना मानूँ,
तेरी सीख पर चलकर गुरुवर, हर इंसान में तुझको जानूँ।

मेरी पीर हरो गुरांजी,अंतिम अरदास यही है,
तेरे चरणों से जुड़ी रहे,मेरी हर एक साँस यही है।
किशन मोह माया कुछ साथ न जाए,नाम ही संग निभाना
जब अंतिम बेला आए गुरुवर,चरणों में मुझे बुलाना।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# घर में बाजार, हाथ में दुनिया- पर रिश्तों से दूरी क्यों?



**डॉ विजय गर्ग**
लेखक

हम असाधारण सुविधाओं के युग में जी रहे हैं। आज घर से बाहर निकले बिना लगभग हर चीज खरीदी जा सकती है। किराना, कपड़े, दवाइयाँ, किताबें और अनगिनत अन्य वस्तुएँ मोबाइल फोन पर कुछ ही क्लिक करके घर मँगवाई जा सकती हैं। सचमुच, आज पूरी दुनिया हमारी हथेली में समा गई है। हम हजारों किलोमीटर दूर बैठे व्यक्ति से बात कर सकते हैं, दुनिया के किसी भी हिस्से में हो रही घटनाओं को देख सकते हैं और कुछ ही सेकंड में असीमित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

तकनीक ने बाजार को हमारे घरों तक और दुनिया को हमारी स्क्रीन तक पहुँचा दिया है। लेकिन विडंबना यह है कि जैसे-जैसे हमारे डिजिटल संपर्क बढ़े हैं, वैसे-वैसे कई बार हमारे वास्तविक और सार्थक मानवीय रिश्ते कमजोर होते दिखाई देने लगे हैं।

एक समय था जब लोग घर से बाहर केवल सामान खरीदने के लिए नहीं निकलते थे, बल्कि लोगों से मिलने-जुलने के लिए भी बाहर जाते थे। स्थानीय बाजार जाने का अर्थ था पड़ोसियों से मिलना, दुकानदारों का अभिवादन करना और परिचित लोगों के साथ कुछ बातें करना। बच्चे गलियों और पार्कों में साथ खेलते थे। परिवार और रिश्तेदार एक-दूसरे के घर अधिक आते-जाते थे। बातचीत सहज रूप से होती थी—बिना किसी पूर्व योजना, नोटिफिकेशन या स्क्रीन के।

आज ऐसे अनेक छोटे, लेकिन अर्थपूर्ण मानवीय संपर्क धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं।

आज एक व्यक्ति घर बैठे पूरा दिन भोजन मँगाने, ऑनलाइन पढ़ाई करने, काम करने, खरीदारी करने, मनोरंजन देखने और संदेशों के माध्यम से लोगों से संपर्क करने में बिता सकता है। मानो एक ही कमरे में जीवन की लगभग हर सुविधा उपलब्ध हो गई हो। सुविधा ने हमारा समय तो बचाया है, लेकिन एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि हम उस बचे हुए समय का उपयोग किस प्रकार कर रहे हैं?

कई बार लोगों से मिलने, परिवार के साथ बातचीत करने और रिश्तों को मजबूत बनाने के बजाय हम उसी बचे हुए समय का बड़ा हिस्सा स्क्रीन के



सामने बिताने लगते हैं। मोबाइल फोन हमें सैकड़ों या हजारों लोगों से जोड़ सकता है, लेकिन वह हमेशा किसी के पास बैठकर आत्मीयता से की गई बातचीत की गर्माहट का स्थान नहीं ले सकता।

एक संदेश सूचना तो पहुँचा सकता है, लेकिन आमने-सामने की बातचीत जितनी गहराई से भावनाओं को व्यक्त करना उसके लिए हमेशा संभव नहीं होता। वीडियो कॉल उपयोगी है, लेकिन किसी प्रिय व्यक्ति के साथ टहलने, साथ भोजन करने या कुछ पल चुपचाप बैठने के अनुभव की पूरी तरह बराबरी नहीं कर सकती। मानवीय रिश्ते समय, ध्यान और वास्तविक उपस्थिति से मजबूत होते हैं। समस्या स्वयं तकनीक नहीं है। तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है और शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार तथा व्यापार के क्षेत्र में अपार अवसर प्रदान किए हैं। ऑनलाइन सेवाएँ विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और आवश्यक सुविधाओं से दूर रहने वाले लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इसलिए समाधान तकनीक को अस्वीकार करना नहीं, बल्कि उसका समझदारी और संतुलन के साथ उपयोग करना है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सुविधा धीरे-धीरे हमें अकेलेपन की ओर न ले जाए। शायद हमें अपने डिजिटल संसार से कभी-कभी बाहर निकलने का सचेत प्रयास करना चाहिए। हर बात केवल संदेश भेजकर कहने के बजाय कभी-कभी स्वयं जाकर मिलना चाहिए। हर शाम सोशल मीडिया पर लगातार स्क्रॉल करने के बजाय परिवार के साथ बैठकर बातचीत करनी चाहिए। घर से हर वस्तु मँगाने के बजाय कभी-कभी पास की दुकान तक पैदल जाना, किसी पड़ोसी का अभिवादन करना या पार्क में कुछ समय बिताना भी जरूरी है।

कभी-कभी कुछ कदम चलना भी बड़ा बदलाव ला सकता है। घर से बाहर निकलकर चलना केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं देता, बल्कि हमें वास्तविक लोगों और वास्तविक दुनिया से भी जोड़ता है। पड़ोसी को किया गया एक साधारण अभिवादन, किसी मित्र से कुछ मिनट की बातचीत या परिवार के साथ बिताया गया थोड़ा-सा समय भी अपनापन और जुड़ाव की उस भावना को मजबूत कर सकता है, जिसे कोई भी ऐप पूरी तरह प्रदान नहीं कर सकता।

विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को वास्तविक दुनिया में लोगों से मिलने-जुलने के अवसरों की आवश्यकता है। मित्रता केवल लाइक, इमोजी और संदेशों से नहीं बनती। सच्ची दोस्ती साझा अनुभवों, बातचीत, सहयोग, मतभेदों और हँसी-मजाक से भी विकसित होती है। ऐसे रोजमर्रा के अनुभव बच्चों और युवाओं में सहानुभूति, संवाद कौशल और भावनात्मक समझ विकसित करते हैं। आज हमारे घरों में बाजार भी है, कार्यालय भी, कक्षा भी और मनोरंजन का संसार भी। हमारे मोबाइल फोन में पूरी दुनिया समाई हुई है। लेकिन मनुष्य को केवल सुविधा और इंटरनेट कनेक्शन से अधिक की आवश्यकता होती है। उसे साथ चाहिए। उसे बातचीत चाहिए।

उसे ऐसे रिश्ते चाहिए, जिनका मूल्य स्क्रीन टाइम, फॉलोअर्स या नोटिफिकेशन की संख्या से तय न हो। तकनीक का उद्देश्य लोगों को करीब लाना होना चाहिए, न कि अनजाने में उन्हें एक-दूसरे से दूर कर देना। आधुनिक युग की सबसे बड़ी चुनौती केवल इंटरनेट से जुड़े रहना नहीं है, बल्कि एक-दूसरे से जुड़े रहना भी है। इसलिए शायद समय आ गया है कि हम कभी-कभी अपना फोन एक तरफ रखें, घर का दरवाजा खोलें और कुछ कदम बाहर चलें। बाजार भले ही हमारे घर में आ गया हो और दुनिया हमारे हाथों में समा गई हो, लेकिन सार्थक रिश्तों के लिए हमें आज भी स्वयं उपस्थित होना पड़ता है।

तो क्यों न कुछ कदम चलकर किसी अपने, पड़ोसी या मित्र से दिल खोलकर बातचीत कर ली जाए?

# शिक्षक दिवस- माला एक दिन की, परीक्षा पूरे साल की



**प्रो. आरके जैन**
लेखक

पाँच सितंबर को स्कूलों में सम्मान का शोर उठता है—दीवारों पर रंग चढ़ते हैं, हाथों में फूल आते हैं और मंच से शिक्षक की महिमा के पुल बाँधे जाते हैं। मगर तालियों के बीच एक सवाल अनसुना रह जाता है—यह शिक्षक दिवस है या हमारी एक दिन की औपचारिक कृतज्ञता? जिस शिक्षक को आज गुरु, मार्गदर्शक और राष्ट्रनिमार्ता कहा जाता है, वही कल फाइलों, आदेशों, रजिस्टरों और परीक्षा परिणामों के बोझ तले फिर अकेला खड़ा होगा। फूल मुरझाएँगे, कार्ड फेंक दिए जाएँगे, तस्वीरें पुरानी पड़ जाएँगी; पर पहली घंटी के साथ उसकी जिम्मेदारियाँ फिर सामने होंगी। शिक्षक दिवस की असली सार्थकता तभी है, जब समारोह खत्म होने के बाद भी शिक्षक का सम्मान बना रहे।

कक्षा की चार दीवारों में अलग-अलग परिस्थितियों से जूझते बच्चे बैठे होते हैं—कोई भूखा है, कोई टूटे परिवार का बोझ ढो रहा है, कोई आर्थिक अभाव से सहमा है तो कोई मोबाइल के कारण एकाग्रता खो चुका है। किसी के पास किताब नहीं, किसी के घर पढ़ने की जगह या परिवार का सहयोग नहीं।

फिर भी अपेक्षा है कि शिक्षक सबको समान परिणाम दे। यह वैसा है जैसे किसान को जमीन, पानी और मौसम की चिंता किए बिना भरपूर फसल देने को कहा जाए। बच्चे की परिस्थितियों और मनःस्थिति का हिसाब कोई नहीं रखता; परिणाम खराब होते ही सवाल शिक्षक पर आता है। समाज शिक्षक को मशीन मानता है—न थकने वाली, न परेशान होने वाली और न असफल होने वाली। शिक्षक का अधिकांश श्रम कागज पर दर्ज नहीं होता। अपनी जेब से कॉपियाँ-किताबें खरीदना, गरीब बच्चे की फीस या परीक्षा-फॉर्म भरना, घर पर निःशुल्क पढ़ाना, अपने खाने का पैसा बचाकर जरूरतमंद विद्यार्थी की मदद करना—ये उसकी नौकरी की शर्तें नहीं हैं।

बुखार हो या शरीर टूट रहा हो, कक्षा में खड़ा रहना पड़ता है; छुट्टी भी सवाल खड़े कर देती है। लेकिन परिणाम में दो अंक कम होते ही शिक्षक से जवाब माँगा जाता है। सम्मान का



यह कैसा ढंग है—फूल भी उसी के लिए और दोष भी उसी के सिर? उसका असली श्रम रिपोर्टों में नहीं, बच्चे के आत्मविश्वास, टूटे विद्यार्थी की वापसी और गरीब बच्चे की तरक्की में दिखता है।

आज शिक्षक को पाठ के साथ बच्चे को भी समझना है। मोबाइल ने उसकी उँगलियों में पूरी दुनिया रख दी है, लेकिन हर सूचना ज्ञान नहीं। ध्यान कुछ सेकंड में भटकता है, तुलना बढ़ती है और घर-परिवार का दबाव बच्चों को बेचैन करता है। फिर भी शिक्षक से अपेक्षा है कि वह कक्षा संभाले, अनुशासन रखे, पाठ्यक्रम पूरा करे और हर बच्चे को टॉपर बनाए। उसे अध्यापक के साथ मित्र, काउंसलर, प्रेरक और कई बार माँ-बाप की भूमिका भी निभानी पड़ती है। चालीस अलग-अलग दिमागों को समझना आसान नहीं। अभिभावक परिणाम, स्कूल अनुशासन और व्यवस्था लक्ष्य चाहती है; इन अपेक्षाओं के बीच शिक्षक की थकान, परेशानी और निजी जिंदगी सबसे पहले छूट जाती है।

ईमानदारी का तकाजा है कि शिक्षक को देवता न माना जाए। हर शिक्षक आदर्श नहीं होता। कुछ लापरवाह हैं, कुछ जिम्मेदारी से बचते हैं और कुछ विद्यार्थियों के साथ अन्याय करते हैं। ऐसे मामलों में जवाबदेही होनी चाहिए। लेकिन कुछ खराब उदाहरणों के आधार पर पूरे शिक्षक समुदाय को कटघरे में खड़ा करना भी गलत है। सवाल यह भी होना चाहिए कि शिक्षक को बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था ने क्या किया? उसे कैसा प्रशिक्षण मिला? कक्षा में कितने बच्चे हैं? गैर-शैक्षणिक काम कितना है? संसाधन और पढ़ाने की स्वतंत्रता कितनी है? यदि शिक्षक का समय कागजी काम में जाए, कक्षा भीड़ से भरी हो और निर्णय ऊपर से आएँ, तो केवल परिणाम माँगना अपनी जिम्मेदारी से बचना है। अच्छी शिक्षा अच्छे शिक्षक और अच्छी व्यवस्था, दोनों से पैदा होती है।

शिक्षक दिवस पर फूलों से अधिक जरूरी वे सवाल हैं, जो शिक्षक का सच सामने लाएँ। क्या उसे समय पर वेतन, पर्याप्त शिक्षण सामग्री मिलती है? क्या वह हर बच्चे पर ध्यान दे सकता है या सरकारी कामों में कक्षा से बाहर भेज दिया जाता है? क्या उसकी समस्या सुनने वाला कोई है? सबसे जरूरी—क्या पाठ पूरा करना ही शिक्षा है?

किसी बच्चे की आँखों में आँसू हों तो किताब बंद कर उसे सुनना जरूरी हो सकता है। उसका आत्मविश्वास लौटाना, असफलता के बाद खड़ा करना और उसे बेकार न महसूस होने देना—ये भी शिक्षा के परिणाम हैं। पाठ का एक पन्ना अधूरा रहना छोटी बात है; बच्चे का मन टूटना बड़ा नुकसान। शिक्षक की मेहनत का सबसे बड़ा प्रतिफल मंचीय सम्मान नहीं, वर्षों बाद लौटकर आया विद्यार्थी है। जब वह कहता है—'आपने तब मेरा साथ नहीं छोड़ा, इसलिए मैं आगे बढ़ पाया'—तभी शिक्षक अपनी मेहनत का अर्थ समझता है।

कोई याद करता है कि फीस न होने पर शिक्षक ने किताब दिलाई; कोई बताता है कि सबने असफल माना, तब शिक्षक ने संभावना देखी। यही पूँजी वेतन-पर्ची नहीं माप सकती। लेकिन शिक्षक को केवल भावनात्मक संतोष के भरोसे छोड़ना गलत है। उसे उचित वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल, कम गैर-शैक्षणिक बोझ, पर्याप्त संसाधन और अपनी बात कहने का अधिकार चाहिए। कृतज्ञता जरूरी है, वेतन का विकल्प नहीं।

जिस शिक्षक के हाथों में बच्चों का भविष्य है, उसकी थकान कौन समझता है? पाँच सितंबर की सच्ची गुरु-पूजा फूलों में नहीं, शिक्षक को मनुष्य मानने में है। उसकी समस्या सुनी जाए, गलती पर जवाबदेही और ईमानदार मेहनत पर भरोसा हो। शिक्षक को परीक्षा-परिणाम की मशीन मानना शिक्षा से अन्याय है। दबाव, अविश्वास और कागजी बोझ में जला शिक्षक भविष्य कैसे सँवारेगा? पाँच सितंबर की माला उतर जाती है, जिम्मेदारी नहीं। सवाल फूलों का नहीं, छह सितंबर के व्यवहार का है। पाँच सितंबर तारीख है; असली परीक्षा 364 दिनों में होती है। सच यही है—इस परीक्षा में हम अभी पूरे अंकों के हकदार नहीं हैं।

# देश सीमाओं से पहले नागरिकों के बीच टूटता है: विभाजन की राजनीति का भारत के विवेक पर हमला



**एनके शर्मा**
लेखक

भारत आज जिस संकट से गुजर रहा है, उसका सबसे भयावह पक्ष यह नहीं है कि राजनीतिक दल एक-दूसरे के विरोधी हैं। लोकतंत्र में विरोध स्वाभाविक है। भयावहता यह है कि राजनीतिक संघर्ष धीरे-धीरे सामाजिक संघर्ष में बदलता जा रहा है और नागरिकों को मतदाता से पहले किसी जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र अथवा राजनीतिक खेमे की पहचान में बाँटने की प्रवृत्ति मजबूत होती जा रही है।

यह राजनीति केवल वोट नहीं माँगती—यह पहचान माँगती है। वह नागरिक से कहती है कि पहले तय करो तुम 'किसके' हो, फिर तय होगा कि तुम्हारी बात कितनी महत्वपूर्ण है। यही वह बिंदु है जहाँ लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति—विविधता—उसकी सबसे बड़ी कमजोरी में बदलने लगती है। विभाजनकारी राजनीति का सबसे खतरनाक हथियार हिंसा नहीं, भय है। भय ऐसा राजनीतिक उपकरण है जो नागरिक से तर्क छीन लेता है। भयभीत समाज रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, महँगाई और भ्रष्टाचार पर प्रश्न कम करता है; वह अपने कथित शत्रु को खोजने में अधिक ऊर्जा खर्च करता है।

### और यही विभाजनकारी राजनीति का सबसे सफल सूत्र है–

जनता को समाधान मत दो, उसे एक दुश्मन दे दो। जब नागरिक अपने पड़ोसी को संदेह की निगाह से देखने लगे, जब विचारधारा रिश्तों से बड़ी हो जाए, जब राजनीतिक निष्ठा विवेक पर भारी पड़ने लगे और जब असहमति को देशविरोध का पर्याय बनाया जाने लगे, तब समस्या केवल राजनीति की नहीं रहती; वह राष्ट्रीय चरित्र के संकट में बदल जाती है।

भारत का संविधान इस संकट के ठीक विपरीत दर्शन पर खड़ा है। संविधान नागरिक को किसी राजनीतिक खेमे का सदस्य नहीं, समान अधिकारों वाला नागरिक मानता है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता—ये चारों शब्द मिलकर उस भारत की कल्पना करते हैं जिसमें विविधता संघर्ष का कारण नहीं, सह-अस्तित्व का आधार हो।

विशेषकर बंधुता। क्योंकि समानता कानून दे सकता है, स्वतंत्रता अधिकार दे सकती है और न्याय संस्थाएँ सुनिश्चित कर सकती हैं; लेकिन एक-दूसरे के प्रति सम्मान और अपनापन समाज स्वयं पैदा करता है। जब बंधुता समाप्त होती है, तब संविधान की भाषा बची रह सकती है, मगर राष्ट्र की सामाजिक आत्मा कमजोर पड़ जाती है। आज विभाजनकारी राजनीति का



नया मैदान संसद से अधिक डिजिटल संसार बन गया है। एक अधूरा वीडियो, पुरानी तस्वीर, संदर्भ से काटा गया बयान या उत्तेजक शीर्षक कुछ ही घंटों में लाखों लोगों तक पहुँच सकता है। सत्य को प्रमाण जुटाने में समय लगता है; झूठ को केवल उत्तेजना चाहिए।

डिजिटल युग की विडंबना यह है कि नागरिक के हाथ में सूचना का महासागर है, लेकिन विवेक का कम्पास कमजोर पड़ता जा रहा है। एल्गोरिद्म भी अक्सर वही दिखाता है जिसे व्यक्ति पहले से देखना चाहता है। परिणाम यह होता है कि नागरिक एक ऐसे वैचारिक कमरे में बंद हो जाता है जहाँ उसे अपनी ही राय की प्रतिध्वनि सुनाई देती रहती है। धीरे-धीरे उसे लगता है कि पूरा देश उसी की तरह सोचता है और जो अलग सोचता है, वह असामान्य, मूर्ख अथवा शत्रु है। यहीं से लोकतंत्र की वास्तविक त्रासदी शुरू होती है। विपक्ष लोकतंत्र का शत्रु नहीं होता। असहमति लोकतंत्र का अपराध नहीं होती। प्रश्न करना राष्ट्रद्रोह नहीं होता।

वास्तव में जिस लोकतंत्र में प्रश्न पूछने की जगह समाप्त हो जाए, वहाँ चुनाव भले होते रहें, लेकिन लोकतांत्रिक चेतना धीरे-धीरे सूखने लगती है। विभाजनकारी राजनीति का अगला चरण है—हर मुद्दे को 'हम बनाम वे' में बदल देना। बेरोजगारी पर बहस हो तो पहचान सामने आ जाती है। महँगाई पर सवाल उठे तो राष्ट्रवाद सामने आ जाता है। भ्रष्टाचार पर प्रश्न हो तो राजनीतिक निष्ठा सामने आ जाती है। प्रशासनिक विफलता पर चर्चा हो तो किसी दूसरे समूह की कथित गलती सामने रख दी जाती है।

इस प्रकार वास्तविक प्रश्न पृष्ठभूमि में चले जाते हैं और भावनात्मक प्रश्न मंच पर आ जाते हैं। यह राजनीति की जीत नहीं; नागरिक की हार है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब पैदा होती है जब समाज स्वयं इस खेल में भाग लेने लगता है। हम ऐसे समाचार चुनते हैं जो हमारी धारणाओं की पुष्टि करें। हम ऐसे नेताओं को सुनते हैं जो हमें अच्छा महसूस कराएँ। हम ऐसे लोगों से संवाद बंद कर देते हैं जो असहमत हों। हम भूल जाते हैं कि लोकतंत्र में हमारे विचार की श्रेष्ठता का प्रमाण यह नहीं कि हजारों लोग हमसे सहमत हैं; बल्कि यह है कि हम विरोधी तर्क सुनकर भी अपने विचार को पुनः परखने का साहस रखते हैं।

आज भारत को किसी एक दल के विरुद्ध नहीं, विभाजन की पूरी राजनीतिक संस्कृति के विरुद्ध खड़ा होना होगा। यह लड़ाई किसी धर्म या जाति के विरुद्ध नहीं है। यह किसी सरकार या विपक्ष के विरुद्ध भी नहीं है। यह उस मानसिकता के विरुद्ध है जो नागरिकों को स्थायी शत्रुता में रखना चाहती है। क्योंकि जो समाज हमेशा लड़ता रहता है, वह कभी प्रश्न नहीं करता कि उसके वास्तविक संसाधन कहाँ जा रहे हैं, संस्थाएँ कितनी मजबूत हैं, शिक्षा कितनी गुणवत्तापूर्ण है, युवाओं को अवसर कितने मिल रहे हैं और शासन कितना जवाबदेह है। विभाजनकारी राजनीति का सबसे बड़ा लाभ यही है कि जनता आपस में लड़ती रहती है और सत्ता से कठिन प्रश्न पूछने का समय खो देती है। लेकिन दोष केवल राजनीतिज्ञों का भी नहीं है। राजनीति समाज से पैदा होती है। यदि समाज जातीय समीकरणों को स्वीकार करता है, तो राजनीति उन्हें भुनाएगी। यदि समाज धार्मिक ध्रुवीकरण पर वोट देता है, तो दल उसे और तीव्र करेंगे। यदि समाज सनसनी को तथ्य से अधिक महत्व देता है, तो सूचना का बाजार सनसनी से भर जाएगा।

इसलिए परिवर्तन की शुरूआत केवल संसद से नहीं—नागरिक के भीतर से होनी चाहिए। हमें यह तय करना होगा कि हमारा पहला परिचय क्या है—जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, विचारधारा या नागरिक?

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता है। लेकिन विविधता तभी शक्ति है जब उसके भीतर संवाद जीवित हो। अन्यथा वही विविधता अविश्वास की खाइयों में बदल सकती है। इतिहास ने भारत को विभाजन का दर्द पहले ही दिखाया है। इसलिए इस देश को विभाजन की राजनीति से खेलने वालों के प्रति असाधारण रूप से सावधान होना चाहिए। किसी भी समुदाय को स्थायी भय में रखना, किसी वर्ग को स्थायी अपराधबोध में रखना या किसी राजनीतिक समूह को स्थायी शत्रु बनाना अंततः राष्ट्र की सामाजिक संरचना को कमजोर करता है।

राष्ट्र सीमाओं से सुरक्षित नहीं होता। राष्ट्र तब सुरक्षित होता है जब उसके नागरिक एक-दूसरे के अधिकारों की रक्षा करने लगते हैं। इसलिए आज सबसे बड़ा राजनीतिक प्रश्न यह नहीं है कि अगली सरकार कौन बनाएगा।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है– क्या अगली पीढ़ी को ऐसा भारत मिलेगा जहाँ नागरिक असहमति के बावजूद एक-दूसरे के साथ खड़े हो सकें, या ऐसा भारत जहाँ हर नागरिक दूसरे नागरिक में पहले एक विरोधी और बाद में एक भारतीय देखेगा?

# 30 साल के गन्ना भुगतान ब्याज का हिसाब लेने को किसानों का धरना 15वें दिन भी जारी, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक डींगरा के नेतृत्व में किसानों द्वारा 30 वर्षों के गन्ना भुगतान पर देय ब्याज का हिसाब उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय, नई मंडी हापुड़ पर चल रहा धरना गुरुवार को 15वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर किसानों की महापंचायत आयोजित की गई।महापंचायत का संचालन संगठन के वरिष्ठ जिला संरक्षक निरंजन शास्त्री ने किया, जबकि अध्यक्षता वहाव चौधरी राजपुर ने की। किसानों ने कहा कि उन्हें 30 वर्षों के ब्याज का वर्षवार एवं प्रत्येक किसान के अनुसार पूरा विवरण जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि ब्याज का हिसाब शीघ्र नहीं दिया गया तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इसी दौरान राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता ज्ञानेंद्र त्यागी अपनी पूरी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि गन्ने के विलंबित भुगतान पर 15 प्रतिशत ब्याज की दर से किसानों को देय ब्याज का पूरा हिसाब उपलब्ध कराया जाना चाहिए। देरी जारी रही तो संगठन किसानों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा।धरना स्थल पर डीसीओ की ओर से वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं प्रभारी धौलाना जयपाल सिंह तथा सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड हापुड़ के सचिव प्रभारी विनोद कुमार किसानों से वार्ता करने पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि किसानों के तीन वर्षों के ब्याज का हिसाब तैयार है, जबकि चौथे वर्ष का हिसाब तैयार किया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि शासन स्तर से आदेश प्राप्त होते ही संबंधित विवरण किसानों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।किसानों ने इस पर कहा कि उन्हें केवल कुछ वर्षों का नहीं, बल्कि पूरे 30 वर्षों का वर्षवार और प्रत्येक किसान के नाम से ब्याज का विस्तृत विवरण चाहिए। किसानों एवं अधिकारियों के बीच हुई वार्ता आंशिक रूप से सफल रही, लेकिन किसानों ने स्पष्ट किया कि 30 वर्षों के ब्याज का पूरा विवरण मिलने तक धरना जारी रहेगा।संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव चौधरी वीरपाल सिंह ने डीसीओ को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों को हल्के में न लिया जाए और जल्द से जल्द 30 वर्षों के ब्याज का हिसाब उपलब्ध कराया जाए।इसके अलावा किसान मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर चौधरी एवं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गिल ने भी धरने को पूर्ण समर्थन दिया। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रवक्ता मुकुल त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष वीरेश चौधरी, सतीश डींगरा, नरेंद्र कुमार लालपुर, गंगा वीर, जगमेल सिंह, बिट्टू चौधरी, सत्येंद्र सिंह, मुनेश गिल कनिया, बलराज सिंह, लोकेंद्र सिंह, कपिल कुमार, रविंद्र सहरावत, नेत्रपाल, अब्दुल वहाब, जयप्रकाश त्यागी, सतपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, सुशील कुमार, जसवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने कांशीराम आवास का किया निरीक्षण, जलभराव की समस्या दूर करने के दिए निर्देश



वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत कांशीराम आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवासों के साथ नाली और सड़क की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर को नालियों की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास परिसर में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंप सेट लगवाकर पानी की निकासी कराने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई और जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर रखने के निर्देश दिए, ताकि आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

# कोटेदारों का लाभांश 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा, संघ ने जताया आभार



वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के लाभांश में 35 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किए जाने पर कोटेदारों में खुशी है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन ने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ. ज्ञान प्रकाश के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय को धन्यवाद ज्ञापन भेजकर निर्णय के लिए आभार जताया। संघ के जिलाध्यक्ष उदय भान चौबे की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने से प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी। कोटेदार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से गरीब, जरूरतमंद और पात्र परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संघ लंबे समय से लाभांश बढ़ाने की मांग कर रहा था। सरकार का यह निर्णय कोटेदारों के आर्थिक हित में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह सहित कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष उदयभान चौबे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कुंडा के युवक की मध्य प्रदेश में हत्या, दोस्तों पर हत्या का आरोप



**प्रतापगढ़ (वेलकम इन्डिया)।** कुंडा क्षेत्र के एक युवक की मध्य प्रदेश में ले जाकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। युवक की लाश बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान आलोक गुप्ता के रूप में बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोस्तों पर ही युवक की हत्या किए जाने का आरोप है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हत्या के कारणों तथा घटना के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाया जा रहा है। बताया गया कि आलोक गुप्ता GT Photography के नाम से फोटोशूट का कार्य करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार और परिचितों में शोक का माहौल है। घटना से जुड़े अन्य तथ्यों और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी का इंतजार है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसडीएम टांडा को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की हुई मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता



**टांडा(रामपुर)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी टांडा कुमार गौरव को ज्ञापन सौंपकर तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में पीएचसी-सीएचसी में डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति, स्कूल-कॉलेजों में शिक्षकों की उपस्थिति, सुचारु संचालन व साफ-सफाई सुनिश्चित कराने की मांग की गई। साथ ही जर्जर बिजली लाइनों, झूलते तारों, खराब ट्रांसफार्मरों और अनियमित विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त कराने को कहा गया। किसानों ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों की मरम्मत तथा आवारा और खूंखार कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। ग्राम बदली से खुशहालपुर मार्ग पर गहरे गड्ढों की मरम्मत कराने की भी मांग की गई। ज्ञापन में बाढ़ से नष्ट हुई फसलों का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने और बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई। इसके अलावा चकबंदी वाले गांव दर्शनपुर की खतौनी में इंद्राज कराने तथा बंजरिया गांव का खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन सौंपते समय नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, तहसील अध्यक्ष मुरशद प्रधान, चौधरी राजपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सैदनगर, हरप्रसाद, अरुण, फरीद खां, भूरा खान, हारून, जमीर, नाज़िम फरीदी, हिफ्जुर्रहमान, रियासत अली, अब्दुल शकूर, हुकम सिंह, राजेश, शिवा चंद्रा, आसिफ अली, शकील प्रधान, शमशाद अली, यासीन ठेकेदार, रईस पधान, दिलशाद अली, फिरासत पधान, जहाँगीर आलम, नजाकत अली आदि मौजूद रहे।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर आठ सितंबर को लगाया जायेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी




**सिद्धार्थनगर।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर 8 सितंबर को उसका रोड हुसैनगंज स्थित सिद्धार्थ आर्थो एवं न्यूरो फिजियोथेरेपी सेंटर में निशुल्क फिजियोथेरेपी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में हड्डी, जोड़, मांसपेशियों और नसों से संबंधित समस्याओं के मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुभाष यादव (पीटी), एमपीटी न्यूरो, एनडीटी सर्टिफाइड मरीजों की जांच करेंगे। उन्हें फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में 10 वर्ष से अधिक का अनुभव है। शिविर में कमर, गर्दन, कंधे और घुटने के दर्द, स्लिप डिस्क, आर्थराइटिस, फ्रैक्चर व ऑपरेशन के बाद की समस्या, स्पोर्ट्स इंजरी सहित अन्य हड्डी-जोड़ संबंधी समस्याओं का परामर्श दिया जाएगा। न्यूरो रिहैब के तहत स्ट्रोक, पैरालिसिस, चेहरे का लकवा, सायटिका, पार्किंसन और अन्य नस संबंधी समस्याओं के मरीजों को भी परामर्श मिलेगा। बच्चों में विकास में देरी, सेरेब्रल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम, पोलियो और चलने-खड़े होने में परेशानी जैसी समस्याओं के लिए भी फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध है। केंद्र पर लेजर थेरेपी समेत विभिन्न फिजियोथेरेपी मशीनों की सुविधा उपलब्ध है। घर पर फिजियोथेरेपी कराने की सुविधा भी दी जाती है। शिविर और परामर्श के लिए 9565030030 और 9839137216 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ओवरस्पीडिंग पर यातायात पुलिस ने किया 89 वाहनों के चालान







वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जिले में तेज रफ्तार के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और जनहानि को रोकने के लिए यातायात पुलिस का चेकिंग व प्रवर्तन अभियान जारी है। यातायात निदेशालय से सिद्धार्थनगर पुलिस को मिले दो नवीन दोपहिया इंटरसेप्टर वाहनों के जरिए ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार सिंह के निर्देशन और प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में जिले के प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाया जा रहा है। इंटरसेप्टर वाहनों में लगे आधुनिक उपकरणों से निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से चलने वाले वाहनों की निगरानी की जा रही है। 03 सितंबर को अभियान के दौरान गति सीमा का उल्लंघन करने वाले 89 वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में चालान और अन्य विधिक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की है।

# भाई की जमीन का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** थाना कपूरपुर पुलिस ने धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और अपने ही भाई की जमीन का फर्जी बैनामा करने के मामले में वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने कथित रूप से धोखाधड़ी के जरिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा कराया था।मामले की जानकारी मिलने के बाद कपूरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कपूरपुर सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है।

# जिला पंचायत चेयरमैन रेखा हूण ने गोहरा आलमगीरपुर सीएचसी में टीबी लैब, एक्स-रे व डेंटल मशीन का किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** जिला पंचायत चेयरमैन रेखा हूण पत्नी प्रमोद नागर ने अपने पैतृक ग्राम गोहरा आलमगीरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी लैब, एक्स-रे मशीन एवं डेंटल मशीन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रेखा हूण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सीएचसी में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर आहूजा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. धर्मेश कंसल एवं डॉ. प्रभा यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक केवल ज्ञान नहीं, संस्कार और जीवन की दिशा देते हैं: कावेरी मुकरजी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**प्रयागराज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षिका एवं ज्योतिष कावेरी मुकरजी ने सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। कावेरी मुकरजी ने कहा कि एक शिक्षक अपने अनुभव और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा दिखाता है। शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध भारतीय संस्कृति में सदियों से विशेष महत्व रखता है और गुरु का सम्मान हमारी संस्कृति एवं परंपरा की पहचान है। उन्होंने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के भविष्य को संवारने में शिक्षकों का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों के स्वस्थ, सुखी और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# पानी ने कराया खूनी सघर्ष दस हुए घायल

**प्रतापगढ़ (वेलकम इंडिया)।** बाघराय थाना अन्तर्गत सिया खुशियाल का पुरवा गांव में पानी निकासी को लेकर हुए विवाद ने गुरुवार सुबह हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें करीब 10 लोगों के घायल होने की सूचना है। आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। पीड़ित सुरेश सिंह ने आरोप लगाया है कि गांव के प्रधान प्रतिनिधि राम कुमार द्वारा लड़ाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना में ज्ञान सिंह, गुड्डू सिंह, अमित सिंह समेत आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार के घर में पहले से पानी भरा हुआ है। पानी निकासी को लेकर चल रहे विवाद के बाद गुरुवार सुबह करीब 10 बजे मामला बढ़ गया और जमकर संघर्ष हुआ। घटना के बाद घायल पक्ष थाने पहुंचा, लेकिन खबर लिखे जाने तक पीड़ितों का मेडिकल नहीं हो सका था।

# मोबाइल लूट की घटना का हापुड़ देहात पुलिस ने किया सफल अनावरण, दो आरोपी गिरफ्तार




वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहल्ला अमृत विहार निवासी विजय कुमार से हुई मोबाइल लूट की घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त कार तथा अवैध असलहा बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रिंकू पुत्र बलवीर निवासी ग्राम अतराड़ा थाना खरखौदा जनपद मेरठ तथा विवेक कुमार पुत्र चन्द्र निवासी ग्राम अतराड़ा थाना खरखौदा जनपद मेरठ के रूप में हुई है। देहात थाना प्रभारी पारस मलिक ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए लूट की घटना का खुलासा किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# धौलाना की स्टील फैक्ट्री में लगी अचानक आग, तीन कर्मचारी झुलसे



वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र अंतर्गत फोम के गद्दे बनाने वाली एक स्टील फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री में कार्यरत तीन कर्मचारी झुलस गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।झुलसे कर्मचारियों की पहचान नफीस पुत्र अशफाक (40 वर्ष), निवासी जखेड़ा रहमतपुर, थाना बहादुरगढ़, जनपद गाजियाबाद; जाबिर पुत्र इरशाद (लगभग 48 वर्ष), निवासी देहरा, थाना धौलाना, जनपद हापुड़ तथा अब्दुल्ला पुत्र सरफराज (32 वर्ष), निवासी बझेड़ा कला, थाना कपूरपुर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। तीनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पिलखुवा द्वारा आधिकारिक वक्तव्य जारी कर घटना की जानकारी दी गई।

## मथुरा को 1051 करोड़ की 229 विकास परियोजनाओं की सौगात, सीएम योगी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास

# आस्था, विरासत और आधुनिक विकास का केंद्र बनेगा मथुरा: सीएम योगी









**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली मथुरा में 1051 करोड़ रुपये की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 540.60 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 437.64 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान साधु-संतों की मौजूदगी में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक और ट्रैक्टर की चाबी भी वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत मथुरा-वृंदावन नगर निगम क्षेत्र के 7060 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सपेरा समुदाय के 180 लाभार्थियों को 1.20 लाख रुपये की दर से सहायता दी गई। दोनों योजनाओं के तहत कुल 7240 लाभार्थियों को लाभ मिला। लोकार्पित प्रमुख परियोजनाओं में यमुना एक्सप्रेसवे से वृंदावन स्थित पागल बाबा मंदिर तक 7.278 किलोमीटर लंबे चार लेन मार्ग और मार्ग के संरेखण में यमुना नदी पर दो लेन सेतु का निर्माण शामिल है। इस परियोजना की लागत 251.55 करोड़ रुपये है। पुलिस लाइन परिसर में 47.20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जी12 के चार ब्लॉक वाले ट्रांजिट हॉस्टल का भी लोकार्पण किया गया। नगर निगम की ओर से पेयजल, नलकूप, पाइपलाइन, सीवर, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य तथा मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की ओर से पर्यटन सुविधाओं, प्रवेश द्वार, परिक्रमा मार्ग, फसाड लाइटिंग और अन्य विकास कार्य भी लोकार्पित किए गए।

शिलान्यास की प्रमुख परियोजनाओं में मथुरा-वृंदावन मार्ग से यमुना एक्सप्रेसवे लिंक रोड पर पागल बाबा मंदिर के पास दो लेन फ्लाईओवर का निर्माण शामिल है। इसकी लागत 44.2985 करोड़ रुपये है। इसके अलावा गोवर्धन के ऊंचा गांव में सखीगिरी पर्वत के ईको रेस्टोरेशन के लिए फेंसिंग, गोवर्धन में पर्यटन सुविधा केंद्र, बरसाना में पार्किंग और होल्डिंग एरिया, राधाकुंड रोड का सौंदर्यीकरण, वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा, पीए सिस्टम और आईटीएमएस, विभिन्न मार्गों के सौंदर्यीकरण तथा नगर निगम क्षेत्र में सड़क-नाली निर्माण से जुड़े कार्यों की आधारशिला रखी गई। नगर निगम मथुरा-वृंदावन की ओर से 146 कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

## ड्यूटी में लापरवाही पर एसपी की सख्ती, चार पुलिसकर्मी निलंबित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** ड्यूटी के दौरान लापरवाही और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने थाना दुधारा के चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के बस्ती जनपद आगमन एवं भ्रमण के दौरान निर्धारित ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित रहने के मामले में की गई है। जानकारी के अनुसार, हरीश द्विवेदी के बस्ती भ्रमण के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी पॉलीटेक्निक चौराहा, जनपद बस्ती में लगाई गई थी। थाना दुधारा में तैनात चार पुलिसकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर उपस्थित नहीं हुए। पुलिस अधीक्षक ने इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अकर्मण्यता मानते हुए उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। निलंबित पुलिसकर्मियों में मुख्य आरक्षी प्रदीप सिंह विशेन, आरक्षी रंजन कुमार राजभर, आरक्षी भीम कुमार और आरक्षी दुर्गेश यादव शामिल हैं। चारों पुलिसकर्मी थाना दुधारा में तैनात थे। पुलिस अधीक्षक ने चारों को उत्तर प्रदेश के अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली, 1991 के नियम-17(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उनका संबद्धीकरण पुलिस लाइन, संतकबीरनगर में रहेगा। इसके साथ ही निलंबित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने स्पष्ट किया कि पुलिस ड्यूटी और कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या स्वेच्छाचारिता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आज निकलेगी यादव समाज की परंपरागत श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभा यात्रा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** यादव समाज की श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा अग्रवाल अतिथि भवन भरतपुर गेट मथुर से सायं 5:00 बजे आरंभ होगी। श्री कृष्णा बलराम जी की विधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद नगर भ्रमण शुरू होगा। शोभा यात्रा भरतपुर गेट, होली गेट, द्वारकाधीश, स्वामी घाट, चौक बाजार होते हुए घीया मंडी भरतपुर गेट पर संपन्न होगी। शोभा यात्रा का शुभारंभ देश की जानी-मानी हस्ती अखिल भारतवर्षीय यादव महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष लिरिबन प्रवीण भाई माडम अहीर द्वारा श्रीकृष्ण की आरती करके किया जाएगा। आयोजकों स्वजनों से धार्मिक आयोजन में पुण्यलाभ की अपील की है। प्रहलाद यादव ने बताया इस बार गुजरात यादव समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं भाग ले रही हैं।

## नंदू दास जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** ब्रज साहित्य परिषद न्यास के तत्वावधान में नन्द दास जी की साधना स्थली मनसा देवी गोवर्धन पर नन्द दास जी की जयंती राधा गोविंद पाठक की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ संतोष अनजाना द्वारा सरस्वती वन्दना के द्वारा किया गया। गोपाल प्रसाद उपाध्याय ने नन्द दास जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए काव्य पाठ किया। सुरेश चंद शास्त्री ने गिरिराज जी एवं राधारानी पर कविता सुना वातावरण भक्तिमय बना दिया। अनिल कुमार अनल ने नन्द दास जी पर कविता सुना वातावरण को सुरभित कर दिया। अध्यक्षता करते हुए राधा गोविंद पाठक ने ब्रजभाषा में गीत सुनाये तो वातावरण आनन्द प्रदान करता हुआ प्रतीत होता रहा। संचालन कवि हरि बाबू ओम ने किया साथ ही ब्रज को संदर्भित करते हुए गीत सुनाये। रवि शर्मा गोवर्धन, कन्हैया जतीपुरा के साथ साथ परिक्रमार्थी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मनसा देवी सेवायत हरे कृष्ण शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। परिषद के पदाधिकारियों ने आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया।

## प्राथमिक विद्यालय लालपुर में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

### नन्हें-मुन्हें बच्चों ने मटकी फोड़कर मनाया कान्हा के जन्मदिन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गोवर्धन।** प्राथमिक विद्यालय लालपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया, उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नरेन्द्र चौधरी एवं शिक्षिका रेखा रानी के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चे श्री राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूपों में सजे-धजे नजर आए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान आयोजित 'मटकी फोड़' प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बाल-गोपालों के उत्साह और उमंग ने पूरे परिसर को 'जय श्री कृष्णा' के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षक द्वय नरेन्द्र चौधरी और रेखा रानी ने सभी बच्चों एवं उनके परिवारजनों को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्य रूप से महंत बाबा कमलदास, मंदो बाबा, प्रदीप अग्रवाल और देवेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

## मुहम्मद अहमद की शानदार कामयाबी यूजीसी नेट में आल इंडिया सेकंड रैंक

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** संत कबीर नगर ज़िले के स्टूडेंट्स के लिए यह बहुत खुशी और गर्व की बात है। देश के टैलेंटेड स्टूडेंट्स के लिए हिम्मत बढ़ाने वाली बात है। मुहम्मद अहमद पुत्र मौलाना अफकार अहमद निवासी सेमरियावां ने UGC-NET JRF फ्रेंच लैंग्वेज एग्जाम में पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल करके जिला का नाम रोशन किया है। अपनी जबरदस्त पढ़ाई और काबिलियत, लगातार कोशिश और पक्के इरादे का शानदार सबूत पेश किया है। मुहम्मद अहमद की यह कामयाबी सिर्फ.एक एग्जाम में मिली इज्जत नहीं है, बल्कि यह उनकी कड़ी मेहनत, पढ़ाई में दिलचस्पी, ऊँचे हौसले और अपने लक्ष्य के प्रति सच्ची लगन का नतीजा है। फ्रेंच लैंग्वेज जैसे जरूरी और इंटरनेशनल फील्ड में नेशनल लेवल पर दूसरी जगह हासिल करना वाकई गर्व की बात है। इश्तियाक अहमद कासमी कोषाध्यक्ष जमीयत उलमा महाराष्ट्र ने मुहम्मद अहमद को इस बड़ी कामयाबी पर दिल से बधाई दिया है। उनके माता-पिता, टीचर्स और उन सभी लोगों को भी बधाई दिया है। जिनकी दुआओं, ट्रेनिंग और गाइडेंस ने इस कामयाबी में अहम रोल निभाया। हम दुआ करते हैं कि अल्लाह तआला उन्हें भविष्य में कामयाबी की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाए और देश और कौम के लिए और ज्यादा फायदेमंद बनाए। यह कामयाबी उनके सुनहरे भविष्य का एक खूबसूरत संकेत है। हमें यकीन है कि वह अपनी पढ़ाई-लिखाई की काबिलियत और कड़ी मेहनत से भविष्य में और भी शानदार कामयाबियां हासिल करेंगे। मुहम्मद अहमद जे आर एफ की इस कामयाबी पर जमीयत उलेमा महाराष्ट्र के कोषाध्यक्ष मौलाना इश्तियाक अहमद कासमी, हाजी मशहूर आलम चौधरी, मुहम्मद, मुनीर हुसैन चौधरी, अनवर आलम चौधरी, जफीर अली करखी, एजाज अहमद करखी, मुहम्मद मुकर्रम एडवोकेट, डॉ. मुहम्मद मोइन खान, अब्दुल अजीम, अजकार अहमद, मौलाना वकार अहमद, मुजीब बस्तवी, हाफिज एजाज मुनीर, वसीम अहमद, महबूब अहमद, अतहर करखी,मो सादिक जफीर, मुनव्वर खान, मसरूर खान ने उन्हें दिल से बधाई दी है।

## साइबर ठगी के पीड़ितों को 4.31 लाख रुपये वापस कराए

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**संतकबीरनगर।** साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल/साइबर हेल्प डेस्क थाना कोतवाली खलीलाबाद की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पीड़ितों की ठगी गई कुल 4,31,059 रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में वापस करा दी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में की गई। पहला मामला कसैला निवासी रामदरश मौर्या का है। उन्होंने 18 जुलाई 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़ित के अनुसार, एक साइबर ठग ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर बैंकिंग एप में लॉगिन कराने के नाम पर उन्हें झांसे में लिया। इसके बाद मोबाइल फोन का अनधिकृत इस्तेमाल कर बैंक खाते से रकम ट्रांसफर कर ली गई। इस तरह उनसे कुल 3,40,800 रुपये की ठगी की गई थी। शिकायत मिलने के बाद साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात आरक्षी रविकान्त कुशवाहा ने संबंधित बैंक और अन्य माध्यमों से तत्काल पैरवी शुरू की। पुलिस की कार्रवाई के परिणामस्वरूप पीड़ित के खाते में 2,81,059 रुपये वापस करा दिए गए। दूसरा मामला बन्नोहिया निवासी प्रदीप यादव का है। उन्होंने 25 मार्च 2026 को साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात साइबर ठग ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मशीन उपलब्ध कराने का झांसा देकर उनके बैंक खाते से 1,50,008.85 रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। इस मामले में भी साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात आरक्षी रविकान्त कुशवाहा ने तत्काल संबंधित बैंक एवं अन्य माध्यमों से प्रभावी पैरवी की। पुलिस की कार्रवाई के बाद पीड़ित के खाते में 1,50,000 रुपये वापस करा दिए गए। इस प्रकार दोनों मामलों में साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई से पीड़ितों को कुल 4,31,059 रुपये की राहत मिली। पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार होने वाले लोगों को समय रहते शिकायत दर्ज कराने की अपील की है, ताकि ठगी गई रकम को वापस कराने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## गोकुल बैराज के पास एसपी ट्रैफिक के पेशकार दरोगा का शव मिला, सरकारी पिस्टल से आत्महत्या की आशंका



**मथुरा (वेलकम इंडिया)।** थाना सदर क्षेत्र में गोकुल बैराज के पास यमुना किनारे गुरुवार को एसपी ट्रैफिक के पेशकार सब-इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव का शव मिलने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। 2019 बैच के दरोगा पंकज कुमार मूल रूप से एटा जिले के रहने वाले थे और वर्तमान में मथुरा में एसपी ट्रैफिक के पेशकार के रूप में तैनात थे। पुलिस के अनुसार, उनका शव पुलिस वर्दी में मिला और मौके से सरकारी सर्विस पिस्टल भी बरामद हुई। एसएसपी श्लोक कुमार के अनुसार, पिस्टल उन्हें आज ही जारी की गई थी। शुरूआती जांच में सरकारी पिस्टल से गोली चलने के कारण मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मृतक दरोगा की पत्नी भी मथुरा में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं और सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचीं। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मथुरा में मौजूदगी के चलते पुलिस प्रशासन पहले से ही हाई अलर्ट पर था। इसी दौरान दरोगा का शव मिलने से विभाग में हड़कंप मच गया। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले की विस्तृत जांच के लिए लगाए गए हैं, जिससे दरोगा की मौत का स्पष्ट कारण मालूम हो सके। हालांकि पुलिस दरोगा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। दरोगा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# मेहनत और प्रतिभा के दम पर मिल रही है सरकारी नौकरी: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## मुख्यमंत्री सीएम धामी ने पशुपालन और चीनी उद्योग विभाग के 101 नवनियुक्त कार्मिकों को बांटे नियुक्ति पत्र

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन विभाग तथा गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग में चयनित 101 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें 88 पशुधन प्रसार अधिकारी और 13 गन्ना पर्यवेक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के साथ युवा उत्तराखंड सरकार का हिस्सा बनने के साथ जनसेवा की महत्वपूर्ण यात्रा शुरू कर रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से अपने ज्ञान, ऊर्जा और नए विचारों के माध्यम से शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा की। धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। अब सरकारी नौकरियां सिफारिश या पहचान के आधार पर नहीं, बल्कि युवाओं की मेहनत और प्रतिभा के आधार पर मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में 34 हजार से अधिक युवा सरकारी नौकरी हासिल करने में सफल रहे हैं। उन्होंने इसे पारदर्शी भर्ती व्यवस्था और युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर देने की सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन तथा गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से सीधे जुड़े हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन हजारों परिवारों की आजीविका के साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और गांवों की समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार है। सरकार पशुपालन को रोजगार, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास का प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना और मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के माध्यम से पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालकों को अनुदान पर गाय, बकरी, भेड़ और मुर्गी पालन की इकाइयां उपलब्ध कराने के साथ कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण और बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। गन्ना किसानों के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना सर्वेक्षण व्यवस्था को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। किसानों को नई तकनीक, उन्नत गन्ना प्रजातियों और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देने के लिए गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केंद्र शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में गन्ना किसानों को उत्तर प्रदेश की तुलना में पांच रुपये प्रति कुंतल अधिक गन्ना मूल्य दिया जा रहा है। धामी ने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्हें किसानों और पशुपालकों से लगातार संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना और संवेदनशीलता के साथ उनका समाधान करना होगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिक को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। शासकीय कार्यप्रणाली में 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि' के मंत्र को अपनाते हुए ईमानदारी, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड भी इस राष्ट्रीय संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में अपना पूरा योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, गणेश जोशी, खजानदास, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर, दुर्गेश्वर लाल, सचिव एस.एन. पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूरनपुर की वोटर लिस्ट में 'खेल' का आरोप, सपा आक्रामक, 5000 संदिग्ध नामों का दावा, एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पूरनपुर/पीलीभीत।** विधान सभा क्षेत्र 129-पूरीपुर में मतदाता सूची में करीब 5000 संदिग्ध एवं कथित रूप से फर्जी मतदाताओं के नाम दर्ज होने का मामला सामने आने के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी ने मामले को गंभीर बताते हुए उपलब्ध प्रमाणों और दस्तावेजों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के नाम उपजिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। ज्ञापन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' के निर्देश पर सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार 'राजू' ने किया, जबकि अध्यक्षता सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की।सपा नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। इसमें अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल होना या पात्र मतदाता का नाम छूट जाना निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने संबंधित क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का गहन सत्यापन कराने और जांच में गलत पाए जाने वाले नामों के खिलाफ निर्वाचन नियमों के तहत कार्रवाई की मांग की। राजकुमार 'राजू' ने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। उनके पास करीब 5000 संदिग्ध मतदाताओं से संबंधित प्रमाण और तथ्य हैं। उन्होंने कहा कि मांग किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए है।

निर्वाचन आयोग को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सच्चाई सामने लानी चाहिए। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर सामने आए तथ्यों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। वहीं सपा नेता कल्याण सिंह सरोज ने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर जांच कर आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने चेतावनी दी कि इस तरह की कथित धांधली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में सुधार नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नजमूल हसन खान, तुफैल खान, सतीश वर्मा, खुर्शीद एडवोकेट, इमरान वली खान, ओमकार भारती, अहीद खान, ओम शर्मा, उस्मान शाह, अमित वर्मा, याकूब अंसारी, ठाकुर प्रसाद, शिवम यादव, नसरूद्दीन, बसीम खान, इमरान सलमानी, मो. सरताज, के. नारायण मिश्रा एडवोकेट, बसंत भारती, अजयपाल, फाजिल खान, राम भरोसे, अजय सिंह चौहान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में जन्माष्टमी की धूम, राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हे-मुन्नों ने मोहा मन



**वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** नगर। संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने भक्ति गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में सजकर पहुंचे। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बाल गोपाल और राधा के रूप में बच्चों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को भक्तिमय बना दिया। शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के अंत में दही हांडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ दही हांडी फोड़ी। हांडी फूटते ही विद्यालय परिसर जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद बच्चों और उपस्थित लोगों को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया।

# मिलेट्स से तैयार किए पौष्टिक व्यंजन, छात्राओं ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत गृह विज्ञान विभाग की ओर से छात्राओं में पोषण जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान छात्राओं ने बाजरा, ज्वार और रागी सहित विभिन्न मिलेट्स से पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए।छात्राओं ने व्यंजनों की पोषण गुणवत्ता, उपयोगिता और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी साझा करते हुए मिलेट्स को दैनिक आहार में शामिल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। प्रतियोगिता में मनु शर्मा और रिया सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जैनब, साहिबा और इकरा सैयद द्वितीय स्थान पर रहीं। काफिया कोहिनूर और मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य एवं शिक्षकगण ने विजेता छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिकाओं और छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# गांव की चौपाल में पहुंचीं ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

## जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी, अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पीलीभीत।** मरौरी ब्लॉक के ग्राम पुरवा भूढ़ा में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सभ्यता देवी वर्मा ने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।चौपाल के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।बैठक में ग्रामीणों ने सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत, आवास, पेंशन सहित अन्य स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से रखा। ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मौके पर प्रभावी कार्रवाई दिखाई देनी चाहिए। सभ्यता देवी वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर कार्य करें तो गांवों में विकास की रफ्तार और तेज हो सकती है।चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सीधे ब्लॉक प्रमुख के सामने रखने पर संतोष जताया। ब्लॉक प्रमुख ने भरोसा दिलाया कि गांवों के विकास और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। चौपाल ने ग्रामीणों और प्रशासनिक व्यवस्था के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ यह संदेश भी दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता और जिम्मेदारी के साथ कराया जाएगा।

# डांगरोल में लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर, 70 से अधिक मरीजों की हुई जांच



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी शामली के निदेर्शानुसार क्षेत्र के गांव डांगरौल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया। और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जांच के बाद जरूरत के अनुसार मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।सरकारी चिकित्सक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में बुखार सहित मौसमी बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। ग्रामीणों को समय पर उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव में शिविर लगाया गया। शिविर में 70 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां दी गईं। उन्होंने ग्रामीणों से साफ–सफाई रखने और किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की।शिविर में डॉ. स्वाती, डॉ. मंजू, फार्मासिस्ट रिहान राणा और एलटी रजत ने सक्रिय रूप से सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों के प्रति भी जागरूक किया।

# बाढ़ से निजात और जंगल से भूमिगत बिजली लाइन बिछाने की मांग

## प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, विधायक ने अधिकारियों से की बात

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पूरनपुर/पीलीभीत।** गुरुवार को चंदिया हजारा क्षेत्र के ग्रामीणों ने 129 विधानसभा पूरनपुर के विधायक से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने बाढ़ और भू-कटान की समस्या के स्थायी समाधान सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया।ज्ञापन में सर्वप्रथम चंदिया हजारा क्षेत्र को बाढ़ एवं भू-कटान से बचाने के लिए स्थायी परियोजना तैयार कराए जाने की मांग की गई। इसके अलावा बांग्ला भाषी लोगों से संबंधित जातीय अधिसूचना जारी कराने, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही समस्याओं का समाधान कराने की मांग रखी गई। ग्रामीणों ने हरिपुर जंगल के रास्ते क्षेत्र को जाने वाली विद्युत लाइन को लेकर भी समस्या उठाई। उन्होंने जंगल क्षेत्र में भूमिगत केबल लाइन बिछाने अथवा 11 हजार वोल्ट की केबल लाइन स्थापित कराए जाने की मांग की। साथ ही चंदिया हजारा के पुनर्वासित परिवारों को जल्द से जल्द भूमिधरी अधिकार दिलाए जाने की भी मांग की गई। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी मामलों को शासन स्तर पर उठाकर शीघ्र निस्तारित कराने का प्रयास किया जाएगा। बाढ़ एवं भू-कटान की समस्या के समाधान के लिए विधायक ने तत्काल बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता से वार्ता की।विद्युत व्यवस्था को लेकर भी विधायक ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से बातचीत की। रुद्रपुर फीडर से संचालित क्षेत्र में जंगल के रास्ते जाने वाली विद्युत लाइन के लिए भूमिगत केबल संबंधी परियोजना तैयार कराने पर चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# स्कूल जाने के लिए निकला कक्षा नौ का छात्र लापता, परिजनों में मचा हड़कंप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी कक्षा नौ का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। छात्र के अचानक लापता होने से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश करने के साथ ही काफी खोजबीन की, लेकिन छात्र का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।पीड़ित पिता जावेद ने बताया कि उनका पुत्र जैद कस्बे के नेशनल स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ता है। बुधवार को वह रोजाना की तरह स्कूल जाने के लिए घर से बैग लेकर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी और आसपास के अलावा रिश्तेदारों व परिचितों से भी जानकारी की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। गुरुवार को परेशान परिजन थाने पहुंचे और छात्र के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से उसकी जल्द बरामदगी की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम छात्र की तलाश में जुटी हुई है।

# गांठ के इलाज के नाम पर महिला की गलत सर्जरी का लगाया आरोप, जिंदगी-मौत से जूझ रही मरीज

## मेराज हॉस्पिटल पर गंभीर लापरवाही के आरोपों से हड़कंप, सीएमओ ने डॉक्टर समेत मूल रिकॉर्ड किया तलब

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पूरनपुर/पीलीभीत।** निजी अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीज की जिंदगी से कथित खिलवाड़ का गंभीर मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। केसरपुर कलां स्थित मेराज हॉस्पिटल पर एक महिला की सर्जरी में गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं। परिजनों का दावा है कि पेट में गांठ की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची महिला का कथित तौर पर गलत ऑपरेशन कर दिया गया, जिसके बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। अब महिला जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।केसरपुर कलां निवासी सुलेमान ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर पूरे मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसकी मां नुसरत जहां पेट दर्द और गांठ की समस्या से परेशान थीं। उपचार के लिए उन्हें मेराज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन के बाद उनकी हालत सुधरने के बजाय और गंभीर हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि मरीज की जिंदगी को खतरे में डाल दिया गया। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पत्रांक संख्या 3577 के माध्यम से मेराज हॉस्पिटल के संचालक और प्रबंधक को तलब किया है। सीएमओ ने निर्देश दिए हैं कि ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर उपचार, जांच और सर्जरी से संबंधित सभी मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष स्पष्ट करें। इससे मामला स्वास्थ्य विभाग की जांच के दायरे में आ गया है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि महिला की सर्जरी में आखिर क्या हुआ और ऑपरेशन के बाद उसकी हालत क्यों बिगड़ी। क्या उपचार में निर्धारित चिकित्सकीय मानकों का पालन किया गया था या वास्तव में गंभीर लापरवाही हुई? इन सवालों का जवाब जांच के बाद ही सामने आएगा। उधर, अस्पताल प्रबंधन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के बाद ही आरोपों की वास्तविकता और आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होगी।

# भाजपा कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को सौंपे संगठनात्मक दायित्व



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** कस्बे के जैन स्थानक में भारतीय जनता पार्टी मंडल कांधला की संगठनात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने की, जबकि संचालन अशोक चौहान ने किया। प्रवासी जिला उपाध्यक्ष पुनीत द्विवेदी के रूप में मौजूद रहे। क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके कार्यकताओं की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के साथ पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यशाला के दौरान पदाधिकारियों और कार्यकताओं को उनके संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी दी गई। साथ ही क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने कार्यकताओं से आपसी समन्वय और पूरी निष्ठा के साथ संगठन हित में कार्य करने की अपील की।इस दौरान मंडल प्रभारी शक्ति सिंगल, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, महामंत्री दीपक गुप्ता, सतवीर, देवचंद बिरला, रवि नामदेव, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया प्रभारी विनीत शर्मा, सोनू चौहान, सहित आदि मौजूद रहे।

# कच्ची सड़क से ग्रामीण परेशान, किसान नेता ने केंद्रीय राज्य मंत्री को भेजा पत्र

## नवदिया टोडरपुर-जरा बुजुर्ग मार्ग के पक्कीकरण की मांग, पीडब्ल्यूडी ने कार्ययोजना में शामिल करने की दी जानकारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पीलीभीत।** पूरनपुर- माधोटांडा-खटीमा मुख्य मार्ग से जुड़े ग्राम जरा बुजुर्ग से नवदिया टोडरपुर तक करीब दो किलोमीटर लंबे प्रमुख संपर्क मार्ग के कच्चा और जर्जर होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में मार्ग पर जलभराव, कीचड़ और गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों, किसानों और विद्यार्थियों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। सड़क के पक्कीकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला सचिव घासी राम ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजा है।ग्रामीणों के अनुसार यह क्षेत्र कृषि बहुल है और बड़ी संख्या में किसान गन्ना, धान एवं गेहूं की खेती करते हैं। ऐसे में फसलों की ढुलाई और कृषि कार्यों के लिए यह संपर्क मार्ग काफी महत्वपूर्ण है। सड़क खराब होने से किसानों को फसल और कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में भी दिक्कतें आती हैं। मार्ग पर स्थित जीएसआरडी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, जरा बुजुर्ग के छात्र-छात्राओं को भी प्रतिदिन आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों और अन्य संपर्क मार्गों को आपस में जोड़ती है तथा माधोटांडा-पूरनपुर मुख्य मार्ग तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है।समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट, पीलीभीत के जिला सचिव घासी राम ने सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर जनहित में सड़क का शीघ्र पक्का निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), पीलीभीत के अधिकारियों को भी पूर्व में मार्ग की बदहाल स्थिति से अवगत कराया गया था। बताया गया कि लोक निर्माण विभाग की तीन सितंबर 2026 की अनुपालन आख्या में नवदिया टोडरपुर मार्ग के नवनिर्माण को वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना में शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है। इससे ग्रामीणों में सड़क निर्माण की उम्मीद जगी है। जरा बुजुर्ग स्थित पेट्रोल पंप संचालक कप्तान सिंह कुशवाहा ने कहा कि आसपास के गांवों के लोगों, स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और राहगीरों का आवागमन इसी मार्ग से जुड़ा है। इसलिए प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर सड़क का निर्माण कराना चाहिए। वहीं युवा ध्रुव कुमार ने कहा कि कई गांवों और संपर्क मार्गों को जोड़ने वाली यह सड़क किसानों, युवाओं एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मार्ग का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराकर पक्की सड़क का निर्माण शुरू कराने की मांग की है।

# तमंचे के साथ एक बदमाश गिरफ्तार, कारतूस बरामद, पुलिस ने भेजा जेल




**कांधला (वेलकम इंडिया)।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। एसपी के निर्देश पर गंगेरू चौकी प्रभारी योगेश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक ओंकार नाथ पांडे पुलिस टीम के साथ गांव असदपुर जिडाना स्थित ईंट भट्ठे के समीप संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो आरोपी मौके से भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 32 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमजद निवासी गांव घाटमपुर, थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर बताया।पुलिस ने बरामद तमंचा और कारतूस कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। गुरुवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है।

# गोरखपुर छावनी-उनौला दोहरीकृत व विद्युतीकृत रेलखंड का रेल संरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया संवाददाता





**वाराणसी।** रेल परिचालन को सुगम बनाने, यात्री सुविधाओं में सुधार और रेल संरक्षा व आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रहे विकास कार्यों के क्रम में गोरखपुर छावनी-उनौला रेलखंड का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी के बाद 3 सितंबर 2026 को रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ ई. श्रीनिवास ने गोरखपुर छावनी-उनौला के बीच 7.64 किलोमीटर लंबे दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेलखंड का निरीक्षण किया और सफल गतिपरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अनुज मित्तल, मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन, मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ गौरव अग्रवाल सहित निर्माण संगठन, मुख्यालय और मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

रेल संरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण की शुरूआत गोरखपुर छावनी स्टेशन से की। उन्होंने स्टेशन पर चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग कार्य, वीडीयू पैनल, रिले रूम तथा उनौला छोर पर संरक्षा उपकरणों में किए गए बदलावों का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्वाइंट संख्या 221ए का भी गहन निरीक्षण किया। इसके साथ ही नव विद्युतीकृत लाइन में इस्तेमाल की गई विभिन्न फिटिंग्स की मानक स्थिति की जांच की। स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्मों की ऊंचाई और ट्रैक के केंद्र से उनकी दूरी का भी मापन किया गया। इसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त ने मोटर ट्रॉली से ब्लॉक सेक्शन का निरीक्षण किया। किलोमीटर 390/13 पर स्थित स्विच एक्सटेंशन ज्वाइंट संख्या 48 की जांच की गई। किलोमीटर 387/30 पर समपार संख्या 2सी का दोहरीकृत रेलखंड के अनुरूप किए गए बदलावों का निरीक्षण किया गया और गेटमैन के संरक्षा ज्ञान की भी जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान कर्व संख्या 11सी पर इंडेंट का मापन और ओवरहेड ट्रैक्शन प्रणाली की मानक स्थिति की जांच की गई। किलोमीटर 386/23 पर पुल संख्या दो की फिटिंग्स और फाउंडेशन का निरीक्षण करने के साथ पुल के सापेक्ष ट्रैक की एक्सेंट्रिसिटी का मापन किया गया।

# कैंटीन पर विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट, शांति भंग में 6 लोगों को गिरफ्तार कर किया चालान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**रामघाट/बुलंदशहर।** थाना रामघाट क्षेत्र में कैंटीन पर सामान मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद दूसरे दिन दो पक्षों के बीच मारपीट में बदल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को एसडीएम कोर्ट डिबाई में पेश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अलीगढ़-बुलंदशहर बॉर्डर के पास गांव जरगवां में विष्णु शर्मा की कैंटीन है। आरोप है कि रात करीब एक बजे कुछ नामजद लोग कैंटीन पर सामान मांग रहे थे। विष्णु शर्मा द्वारा मना करने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया गया कि अगले दिन विष्णु शर्मा के पक्ष के लोगों ने जरगवां स्थित मनजीत तिराहे पर दूसरे पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर रामघाट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम पक्ष से प्रशांत शर्मा (22) पुत्र शिव शंकर शर्मा, शिव शंकर शर्मा (46) पुत्र प्रेमप्रकाश शर्मा, दोनों निवासी ग्राम जरगवां, तथा अमित राजपूत (34) पुत्र भोजराज सिंह निवासी ग्राम नगला कोठी को गिरफ्तार किया गया। वहीं, द्वितीय पक्ष से सजन कुमार (25) पुत्र विनोद कुमार निवासी मौहल्ला घटलेश्वर गेट, थाना चन्दौसी, जनपद सम्भल, रिषभ राज (22) पुत्र गोपाल कृष्ण सहाय निवासी उपरोक्त तथा विजय कुमार (33) पुत्र स्वर्गीय जयराम निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। रामघाट पुलिस ने सभी छह आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए उन्हें एसडीएम कोर्ट डिबाई में पेश किया।

# स्वाभिमान रैली में कार्यकर्ताओं सहित शामिल होने बुलंदशहर से सहारनपुर रवाना हुए युवा रालोद जिलाध्यक्ष राहुल गुर्जर



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय लोकदल के युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुर्जर के नेतृत्व में गुरुवार को बुलंदशहर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक सहारनपुर जनपद के रामपुर मनिहारान में आयोजित स्वाभिमान रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं में रैली को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। राहुल गुर्जर ने बताया कि बुलंदशहर से अपने साथी डॉ. कुंवरवीर सिंह, सुशील गुर्जर पहलवान, मोहित सिरोही, राजकुमार गौतम, सौरव प्रधान कांचरोट, राधेश्याम, रणवीर सिंह, सुधांशु मावई, नीरज भाटी, आदिल, ललित सहित अन्य साथियों के साथ रामपुर मनिहारान के लिए प्रस्थान किया गया।

उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय गुर्जर विद्या प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में आयोजित स्वाभिमान रैली में केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रैली को लेकर समाज एवं राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। राहुल गुर्जर ने क्षेत्रवासियों एवं समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह रैली सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों की आवाज को मजबूत करने के लिए एकजुटता का संदेश देगी।

# सियासत का सूरज अस्त, राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए विधायक अनिल शर्मा

## नम आंखों से शिकारपुर ने दी अपने जनप्रिय विधायक को अंतिम विदाई, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अनिल शर्मा का गुरुवार को उनके पैतृक गांव सुरजावली में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अपने जनप्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समर्थक और ग्रामीण उमड़ पड़े। अंतिम यात्रा में उमड़े जनसैलाब के बीच हर आंख नम और माहौल गमगीन नजर आया। अंतिम संस्कार से पूर्व जिलाधिकारी बुलंदशहर कुमार हर्ष और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने विधायक अनिल शर्मा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रभारी मंत्री सुरेंद्र सिंह दिलेर, सांसद डॉ. भोला सिंह, जनपद के सभी विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पुष्पचक्र अर्पित कर अनिल शर्मा को अंतिम विदाई दी। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के दौरान पूरा वातावरण शोक में डूबा रहा। डीएम कुमार हर्ष और एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि अनिल शर्मा का निधन बुलंदशहर जनपद के लिए अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है। सार्वजनिक जीवन में रहते हुए उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र और जनपद के विकास तथा जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से सार्वजनिक जीवन और समाज को गहरा आघात पहुंचा है।

अनिल शर्मा की अंतिम यात्रा में शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने नम आंखों से अपने जनप्रतिनिधि को अंतिम विदाई दी। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के बाद अनिल शर्मा पंचतत्व में विलीन हो गए। मुखाग्नि उनके पुत्र कुश शर्मा ने दी। इस मौके गाड़ियों का कफिला सलेमपुर से सुरजावली तक लगा हुआ था विधायक जी के इंटर कॉलेज में अंतिम संस्कार के दौरान आम जनता समाजसेवी सत्ताधारी दल के कार्यकताओं नेताओ अधिकारी मंत्री एवं पर्व मंत्री तथा कई जनपदों से राजनीति से जुड़े हुए लोग भी पहुंचे उधर गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार विद्यालय के आसपास बड़ी सख्या में पुलिस बल किया गया था तैनात।

# बांदा रेलवे स्टेशन पर सघन टिकट जांच अभियान, 187 यात्रियों से वसूला 1.60 लाख जुमार्ना

## बिना टिकट और अनियमित टिकट से यात्रा करने वालों पर कार्रवाई, अधिक या अनाधिकृत सामान लेकर चलने वाले यात्रियों में मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया संवाददाता







**झांसी/वाराणसी।** रेलवे राजस्व की सुरक्षा और यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 3 सितंबर 2026 को बांदा रेलवे स्टेशन और वहां से गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज त्रिपाठी ने किया। अभियान के दौरान टिकट जांच टीम ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों के टिकटों की गहन जांच की। बिना टिकट यात्रा करने, अनियमित टिकट के साथ सफर करने, निर्धारित सीमा से अधिक या अनाधिकृत सामान लेकर चलने तथा रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले यात्रियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

जांच अभियान के दौरान कुल 187 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन यात्रियों से जुमार्ना और अतिरिक्त किराये के रूप में कुल 1,60,955 रुपये का रेल राजस्व वसूल किया गया। अचानक चलाए गए सघन जांच अभियान से बिना टिकट और रेलवे नियमों का उल्लंघन कर यात्रा करने वाले यात्रियों में हड़कंप की स्थिति रही। अभियान को सफल बनाने में मुख्य टिकट निरीक्षक मनोहर लाल मीना सहित टिकट जांच स्टाफ सर्वेश सिंह, आरके दुबे, वीरेंद्र कुमार, अंशुल त्रिपाठी, सतीश कुमार और नंद किशोर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा भी रेल प्रशासन की प्राथमिकता है।

इसी उद्देश्य से मंडल के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में समय-समय पर सघन टिकट जांच अभियान चलाए जाते रहेंगे। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। निर्धारित सीमा से अधिक सामान होने पर उसे नियमानुसार बुक कराएं। साथ ही रेल परिसर और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखें, धूम्रपान से बचें और रेलवे के सभी नियमों का पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित, सुविधाजनक और दंडमुक्त रहे।

# रामबाग पुल के ऊपर मनमर्जी से बस रोककर सवारी ठूंसने वाले रोडवेज चालकों की अब खैर नहीं



वेलकम इंडिया/मयूर खान

**आगरा।** आगरा में बुधवार को आगरा ट्रैफिक पुलिस का ऐसा 'सिंघम अवतार' देखने को मिला, जिससे नियम तोड़ने वाले चालकों के पसीने छूट गए। डी सी पी ट्रैफिक श्री सोनम कुमार के सख्त निर्देश पर आगरा ट्रैफिक पुलिस की स्पेशल टीम ने अचानक जोरदार अभियान चला दिया। सड़क पर बीचों-बीच बसें आड़ी-तिरछी खड़ी कर सवारियों की बोली लगाने वाली रोडवेज बसों पर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कार्रवाई इतनी सख्त थी कि नियम तोड़ने वाली बसों के ताबड़तोड़ चालान काटे गए और कई बसों को तो मौके पर ही सीज कर डिपो पहुंचा दिया गया। ट्रैफिक पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से सड़क को अब्बल बना चुके बस चालकों में हड़कंप मच गया और कई चालक अपनी गाड़ियां लेकर भागते नजर आए। पुलिस का साफ संदेशः श्सड़क किसी के बाप की जागीर नहीं है, मनमानी चलेगी तो चालान नहीं सीधे बस सीज होगी।

# विधिक माप विज्ञान सुधारों को लेकर लखनऊ में सम्मेलन, कारोबार सुगमता और डिजिटल शासन पर जोर

## केंद्र व राज्यों के अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने किया मंथन, विश्वास आधारित प्रवर्तन से उपभोक्ता संरक्षण मजबूत करने पर बनी सहमति

वेलकम इंडिया संवाददाता




**वाराणसी।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने उत्तर प्रदेश सरकार के विधिक माप विज्ञान विभाग के सहयोग से 3 सितंबर को लखनऊ में 'विधिक माप विज्ञान सुधार और जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 का प्रभावी कार्यान्वयन' विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारियों, विधिक माप विज्ञान अधिकारियों तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों समेत करीब 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में विधिक माप विज्ञान क्षेत्र में हालिया सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन, कारोबार सुगमता, डिजिटल शासन, उपभोक्ता संरक्षण और राज्यों में अधिक पारदर्शी एवं एकरूप नियामक व्यवस्था विकसित करने पर विचार-विमर्श किया गया। उद्घाटन सत्र को भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद ने संबोधित किया। निधि खरे ने कहा कि विधिक माप विज्ञान दैनिक आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि यह लेन-देन में सटीकता, निष्पक्षता और विश्वास सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि सुधारों का उद्देश्य नागरिकों और कारोबारियों के लिए नियामक प्रक्रियाओं को सरल, तेज और पारदर्शी बनाना है। कारोबार सुगमता के लिए उपभोक्ता संरक्षण को केंद्र में रखते हुए अनुपातिक, पूवार्नुमेय और विश्वास आधारित नियमन जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन विश्वास सुधारों का अर्थ निगरानी समाप्त करना नहीं है। इसका उद्देश्य अनावश्यक अनुमतियों, दोहराव वाली प्रक्रियाओं और अनुपालन के बोझ को कम करना तथा प्रवर्तन को वास्तविक उपभोक्ता जोखिम वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करना है। निधि खरे ने कहा कि भारत का ओआईएमएल पैटर्न अनुमोदन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अधिकृत होने वाला दुनिया का 13वां देश बनना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे घरेलू निमार्ता अन्य देशों में बार-बार परीक्षण कराए बिना तौल और माप उपकरणों का निर्यात कर सकेंगे। इससे परीक्षण की लागत और समय कम होने के साथ वैश्विक बाजारों तक पहुंच आसान होगी और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद ने सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने एकरूप प्रक्रियाओं और डिजिटल प्रणालियों को अपनाने के साथ अनुमति आधारित व्यवस्था से विश्वास आधारित नियामक ढांचे की ओर बढ़ने पर जोर दिया। उपभोक्ता मामले विभाग के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने विधिक माप विज्ञान सुधारों, कारोबार सुगमता, उपभोक्ता संरक्षण और प्रभावी प्रवर्तन पर प्रस्तुति दी। उन्होंने जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत अपराधों के गैर-अपराधीकरण, सुधार नोटिस की शुरूआत, दंड और शमन संबंधी प्रावधानों के युक्तिकरण तथा लाइसेंस आधारित व्यवस्था से पंजीकरण आधारित व्यवस्था की ओर बदलाव की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इन सुधारों से तकनीकी या अनजाने में हुई गैर-अनुपालनों को सुधारने का अवसर मिलेगा, जबकि गंभीर और लगातार किए जाने वाले उल्लंघनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। सम्मेलन में सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्र व्यवस्था को मजबूत किए जाने की जानकारी भी दी गई। इसके तहत सत्यापित किए जा सकने वाले बाट और माप की श्रेणियों की संख्या 10 से बढ़ाकर 23 कर दी गई है। अब तक 51 सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्रों को मंजूरी दी गई है और करीब 92 हजार सत्यापन प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं।

वहीं पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर के पुनः सत्यापन की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर दो वर्ष करने, उच्च क्षमता वाले तौल उपकरणों के सत्यापन के लिए मानक बाट की आवश्यकता को युक्तिसंगत बनाने और निर्यात व अनुसंधान एवं विकास के लिए गैर-मानक बाट या माप के निर्माण की पूर्व अनुमति समाप्त करने जैसे सुधारों पर भी चर्चा हुई। अनुपम मिश्रा ने विधिक माप विज्ञान प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए ई-माप डिजिटल प्लेटफॉर्म को महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने 27 अगस्त 2026 को अधिसूचित विधिक माप विज्ञान (भारतीय मानक समय) नियम, 2026 की जानकारी देते हुए कहा कि इससे पूरे देश में नागरिक, वाणिज्यिक और कानूनी उद्देश्यों के लिए एकीकृत एवं ट्रेस करने योग्य भारतीय मानक समय की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि विधिक माप विज्ञान अधिकारियों को मामलों के पंजीकरण और राजस्व सृजन के लक्ष्य नहीं दिए जाने चाहिए। तकनीकी सत्रों में जन विश्वास सुधारों, ई-माप के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन, पंजीकरण और सत्यापन प्रक्रियाओं को सरल बनाने, निरीक्षण और दंड के युक्तिकरण तथा अनावश्यक अनुपालनों को कम करने पर चर्चा हुई। सम्मेलन में जोखिम आधारित और डेटा संचालित प्रवर्तन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

# मोहिउद्दीनपुर में 100 से अधिक गर्भवती महिलाओं को बांटी पुष्टाहार पोटली

## बच्चे के प्रथम संस्कार की पाठशाला मां होती हैः डॉ. सोमेंद्र तोमर

वेलकम इंडिया संवाददाता




**मेरठ।** ग्राम पंचायत मोहिउद्दीनपुर के पंचायत सचिवालय में गर्भवती महिलाओं के लिए पुष्टाहार पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. राम अवतार जिंदल ने 100 से अधिक गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार पोटली वितरित की। ग्राम प्रधान विमला देवी और प्रधान पुत्र विजय नामदेव भी मौजूद रहे।पुष्टाहार पोटली में काला चना, छोले, सोयाबीन, देशी घी, मूंग दाल, काजू, बादाम, अखरोट, खजूर और दलिया समेत विभिन्न पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल की गई।

प्रधान पुत्र विजय नामदेव ने बताया कि पहल का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है, जिससे गर्भावस्था के दौरान उनके स्वास्थ्य को बेहतर रखने और स्वस्थ शिशु के जन्म में मदद मिल सके।

राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि गुरु की भूमिका से पहले मां की भूमिका होती है। मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है और उसके आचार-विचार, व्यवहार तथा संस्कारों पर मां के संस्कारों का गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि बच्चे को जीवन के शुरूआती संस्कार मां से ही मिलते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने को प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम में ग्राम की आशा कार्यकताओं ने गर्भवती महिलाओं को घर-घर जाकर पुष्टाहार और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने की बात कही। एएनएम कमल और नितेश ने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों और आवश्यक देखभाल के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नवीन नेहरा, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. राम अवतार जिंदल, ग्राम प्रधान विमला देवी, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू गगोल, दीपक राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नितिन कसाना, संदीप मिगलानी, धवल, ग्राम सचिव मनोज शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीपीएस मोदीनगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य एवं मनमोहक उत्सव

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर रहा। इस अवसर पर कक्षा 1 के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की विभिन्न लीलाओं को जीवंत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विक्रम गांधी (सचिव, डीएमईटी) तथा श्रीमति अनीशा गांधी (प्रो वाइस चेयरपर्सन) डीपीएस मोदीनगर रहे। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के विशेष अतिथि रहे। कक्षा 1 के विद्यार्थियों के अभिभावकगण। अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक विशेष एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की विभिन्न महत्वपूर्ण लीलाओं का अत्यंत सुंदर एवं प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और उत्साहपूर्ण क्षण दही-हांडी उत्सव रहा। श्रीमती अनीशा गांधी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनके आत्मविश्वास की सराहना करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से बच्चों को जोड़ने का सशक्त माध्यम बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, सत्य, साहस, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ श्रीकृष्ण आरती में सहभागिता की। कार्यक्रम को साफल बनाने में विद्यालय के हेडमास्टर अंकित गालयान और सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# स्वाइन फ्लू और मौसम से बुखार को लेकर चलाया जन जागरूकता अभियान



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नगर पंचायत निवाड़ी में स्वाइन फ्लू और मौसम से बुखार के बढ़ते मामलों को देखते हुए नगर पंचायत निवाड़ी स्थित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र, सार्वजनिक जगहों पर एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सुभारती अस्पताल में कार्यरत अंकित त्यागी व समाजसेवी सत्येंद्र त्यागी द्वारा कस्बा वासियों को मास्क कैप बाटते हुए भीड़भाड वाले स्थान पर मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें करने की अपील की गई । कस्बा वासियों को समझाया गया कि बीमारियों से बचने का सबसे प्रभावी तारिका आसपास की सफाई है। घरों के आसपास पानी जमा ने होने दे और नियमित रूप से सफाई का ध्यान रखें लोगों से अपील कि हल्का बुखार या स्वाइन फ्लू के लक्षण देखने पर घबराने की जगह तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर डॉक्टर से संपर्क करें और बिना सलाह के दवा ने ले । सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि कस्बा निवाड़ी में बुखार के कारण न जाने कितनी मौत हो चुकी है। उसको देखते हुए आज पूरे कस्बे में चैयरमेन अनिल त्यागी द्वारा सैनिटाइजर करवाया गया तथा कस्बा निवाड़ी में दो दिन से सरकारी डॉक्टरो का कैंप भी लगवाया गया।

# ग्लोबल स्कूल की तीनों शाखाओं में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की मुख्य शाखा, प्रिटी पेंगुइन एवं टेक्सटाइल शाखा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। विद्यालय का वातावरण ऐसा लग रहा था मानो गोकुल स्वयं विद्यालय में उतर आया हो। नन्हे कृष्ण-राधा के मनमोहक रूप को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे स्वयं भगवान बाल रूप में विद्यालय पधारे हों।



उनकी मनमोहक लीलाएँ देखते ही बनती थीं। कार्यक्रम में डॉ. के.एन. मोदी फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. दीपांकर शर्मा एवं बी.एड. कॉलेज की प्राचार्या सुश्री एकता भारद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की सौलह कलाओं को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया। श्रीकृष्ण जन्म से लेकर अर्जुन को दिए गए उपदेश, गोकुल बाजार सहित विभिन्न आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय की प्राचार्या सुश्री पूजा शर्मा ने बच्चों के शानदार प्रयासों एवं प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। संयुक्त उप-प्राचार्या सुश्री रितु अग्रवाल ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। टेक्सटाइल शाखा की हेड मिस्ट्रेस सुश्री सपना खुराना ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर मटकी सजावट, बांसुरी सजावट, मुकुट निर्माण एवं मोरपंख बुकमार्क जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों द्वारा तैयार की गई मनमोहक झांकियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

कार्यक्रम के समापन पर सभी को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। पूरा विद्यालय कृष्णमय वातावरण में भक्तिभाव, उल्लास और उमंग से सराबोर दिखाई दिया।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री ने विधायक को जनसमस्याओं से कराया अवगत



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी ने भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच को क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया। संजय त्यागी ने बताया कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने आश्वासन दिया है कि जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण कराया जा रहा है और आगे भी प्रमुखता के साथ जन समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

इस मौके पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने संजय त्यागी को क्षेत्र के विकास से संबंधित एक पुस्तिका भेंट की। संजय त्यागी ने बताया कि निवाड़ी नगर पंचायत क्षेत्र में फैल रहे बुखार के लिए विधायक ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को फोन कर डेंगू के लार्वा की जांच कराने तथा पानी कहीं भरना हो और सफाई व्यवस्था ठीक करने के लिए कहा।

# 'नींव द स्कूल' में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य समारोह एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नींव द स्कूल', मोदीनगर में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हर्षोल्लास, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भव्य समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर भगवान श्री कृष्ण की भक्ति एवं जन्माष्टमी के रंगों से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के चेयरमैन अमित अग्रवाल , डायरेक्टर जनरल डॉ. अपर्णा शर्मा एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रोमी शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। उनके प्रेरणादायी सहयोग एवं मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की।



इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी के स्वरूप धारण किए गए, जिन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा एवं उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ (हांडी फोड़) प्रतियोगिता रही।

प्रतियोगिता में सभी हाउस के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेहतरीन टीमवर्क के माध्यम से ब्लू हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का विजेता बनने का गौरव हासिल किया। ब्लू हाउस (ज्ञान हाउस ) की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

इस अवसर पर चेयरमैन अमित अग्रवाल,डायरेक्टर जनरल डॉ. अपर्णा शर्मा,प्रधानाचार्या श्रीमती रोमी शर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया तथा भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# डॉल्फिन पब्लिक स्कूल में कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव मनाया

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉल्फिन पब्लिक स्कूल में आज बड़ी धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में प्ले, नर्सरी व ऐल. के. जो के बच्चे राधा व कृष्ण की वेशभूषा में उपस्थित हुए।

बच्चों को ऑडियो-विज्यूवल एड्स के माध्यम से कृष्ण जन्माष्टमी के महोत्सव की महत्वता समझाई गई। बच्चों के लिए फूलों से सजा झूला बनवाया गय जिस पर बैठकर राधा व कृष्ण ने खूब आनंद उठाया। स्कूल के चेयरमैन नीरज गर्ग व प्रधानाचार्या ऋतु गर्ग व उप-प्रधानाचार्या रिंकी कंसल ने सभी को कृष्ण - जन्माष्टमी को बधाइयां देते हुए, सभी को यह उत्सव प्रेम, हर्ष और उल्लास से मनाने का संदेश दिया ।



# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं सांस्कृतिक भव्यता के साथ आयोजित किया गया। संपूर्ण विद्यालय प्रांगण भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और उल्लास के वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छोटे-छोटे बच्चों ने बाल-गोपाल और राधा रानी के सुंदर स्वरूप धारण कर मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत कीं। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के बच्चों ने राधा-कृष्ण के भक्तिमय गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।




इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने नन्हें-मुन्ने बच्चों को बहुत सुंदर-सुंदर राधा-कृष्ण के रूप में तैयार करवाया। विद्यार्थियों के लिए अध्यापकों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के प्रभावशाली व्यक्तित्व और उनके आदर्शों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों ने सुंदर निबंध लिखे। इस अवसर स्कूल के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी,गौरव माहेश्वरी एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने कहा, ₹विद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर होता रहता है, ताकि बच्चे अपनी समृद्ध संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़े रहें।₹कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उत्साह की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

# चिपियाना बुजुर्ग को 11.85 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, सड़क-नाली निर्माण का शिलान्यास









कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** चिपियाना बुजुर्ग गांव में गुरुवार को करीब 11.85 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें रेलवे पुल से गोस्वामी रोड तथा ए.बी.एस. कॉलेज से प्राथमिक विद्यालय तक कंक्रीट सड़क और कंक्रीट नाली निर्माण प्रमुख हैं।

शिलान्यास कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली चौधरी समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि सड़क और नाली निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जलनिकासी की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# कनावनी में मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का धरना 21वें दिन भी जारी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**साहिबाबाद।** कनावनी गांव में मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का धरना गुरुवार को 21वें दिन भी जारी रहा। किसानों का आरोप है कि लगातार धरना देने के बावजूद जीडीए और प्रशासन की ओर से उनसे वार्ता नहीं की जा रही है।

इससे किसानों में भारी रोष है। किसान प्रवीण नागर ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि किसान लंबे समय से अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसान लिखीराम शर्मा ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद प्रशासन उस पर अमल नहीं कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन अपने स्तर पर मनमाने तरीके से कार्रवाई कर रहा है, जिसे किसान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे।

किसानों ने कहा कि उनकी मांगों पर जल्द वार्ता कर समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरनास्थल पर दीपचंद नागर, देशराज प्रधान, श्रीचंद नागर, धरम सिंह नागर, सुखवीर नागर, जगदीश शर्मा और धनेश्वर शर्मा समेत कई किसान मौजूद रहे।

# बूथ की ताकत से 2027 में फिर खिलेगा कमल : मयंक गोयल

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं को चुनावी तैयारियों में जुटने का दिया मंत्र



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। बूथ एवं कार्यसमिति सत्यापन अभियान के तहत भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के ढींढ़ार गांव में कार्यकताओं के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि बूथ की मजबूती ही चुनावी जीत की सबसे बड़ी कुंजी है। मयंक गोयल ने कार्यकताओं से अभी से पूरी सक्रियता के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने दावा किया कि कार्यकताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास के दम पर 2027 में एक बार फिर उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में कार्यकताओं ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से सत्ता में लाने का संकल्प लिया। इस दौरान कई पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं के समाधान को गांव पहुंचेंगे अधिकारी, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** भोजपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत औरंगाबाद फजलगढ़ में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में किसान जन चौपाल आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से गांवों में पहुंचकर किसानों की समस्याएं मौके पर सुनें और आपसी समन्वय से उनका समाधान कराएं। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान कोमल ने गांव की सड़कों के जीर्णोद्धार, तालाब, विद्युत कनेक्शन और सुचारु बिजली आपूर्ति समेत कई मांगें रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या का नियमानुसार समयबद्ध समाधान कराया जाएगा। चौपाल में किसानों को शासन की योजनाओं और आय बढ़ाने के उपायों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# हिंदू रक्षा दल कार्यकताओं से मारपीट और पिस्टल दिखाने वाले आरोपित फरार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** हिंदू रक्षा दल के कार्यकताओं से मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोपित 24 घंटे बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। मामले में पुलिस ने महिला समेत छह नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें दबिश दे रही हैं। राम विहार कॉलोनी निवासी हिंदू रक्षा दल कार्यकर्ता सुमित सूद ने बताया कि दो सितंबर की दोपहर करीब ढाई बजे वह साथी मोहित के साथ बाइक से राशिद अली गेट होते हुए इंद्रापुरी स्थित कार्यालय जा रहे थे। रास्ते में हाजी सलमान और उसके भाई शाहनवाज की कार खड़ी थी। मोबाइल पर बात करने के लिए सुमित ने बाइक रोकी। आरोप है कि शाहनवाज ने हार्न बजाकर उनसे हिंदू रक्षा दल से जुड़े होने के बारे में पूछा। हामी भरने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि शाहनवाज ने फोन कर सलमान को मौके पर बुला लिया। दोनों भाइयों ने गाली-गलौज और जातिसूचक टिप्पणी करते हुए सुमित व मोहित से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे गौरव के गले से भी सोने की चेन तोड़ने और मोबाइल छीनने का आरोप है। सुमित का आरोप है कि सलमान की मां ने पिस्टल देकर उन्हें और उनके साथी को जान से मारने के लिए कहा।

# पुलिस यूनिफॉर्म और सुरक्षा उपकरणों में आएगा नया बदलाव, BPR&D और निटरा में हुआ समझौता





**कपिल चौहान**

**नई दिल्ली (वेलकम इंडिया)।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) और नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (निटरा) के बीच पुलिस बलों की यूनिफॉर्म, सुरक्षात्मक कपड़ों तथा टेक्सटाइल आधारित उपकरणों और एक्सेसरीज के विकास को लेकर महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) हुआ है। 2 सितंबर 2026 को BPR&D के दिल्ली मुख्यालय में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अनुसंधान एवं विकास कार्य करेंगे। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों के लिए उन्नत, टिकाऊ, आरामदायक और कार्यक्षमता बढ़ाने वाले समाधान विकसित करना है। इससे पुलिस बलों की सुरक्षा, कार्यक्षमता और प्रदर्शन बेहतर होने के साथ आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर निटरा के महानिदेशक डॉ. एम.एस. परमार और BPR&D के IG श्री गोपेश अग्रवाल, IPS ने समझौता पत्र का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. नेहा कपिल, संजीव त्रिखा IPS एवं DIG, उषा रंगनानी IPS एवं DIG, के.एल. पुरी SP सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# झुका पेड़ गिरने से कार क्षतिग्रस्त, नगर निगम की लापरवाही पर लोगों में रोष

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**साहिबाबाद।** नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा बुधवार दोपहर शक्तिखंड-3 और 4 के बीच मार्ग से गुजर रहे लोगों को भुगतना पड़ा। सड़क किनारे खड़ा एक झुका हुआ पेड़ अचानक कार पर जा गिरा। हादसे के समय चालक कार में मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे दो बाइक सवार भी पेड़ की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। शक्तिखंड निवासी दीपा तोमर ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे शक्तिखंड-3 से शक्तिखंड-4 की ओर जाने वाले मार्ग पर पेड़ अचानक सड़क किनारे खड़ी कार पर गिर गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेड़ काफी समय से झुका हुआ था और इसकी शिकायत दो दिन पहले नगर निगम अधिकारियों से फोटो के साथ की गई थी। इसके बावजूद समय रहते पेड़ की छंटाई या उसे हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। हादसे के बाद लोगों ने तत्काल नगर निगम अधिकारियों को सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के करीब एक घंटे बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने उद्यान विभाग के सुपरवाइजर पंकज पर शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया। लोगों के मुताबिक कई बार फोन करने के बाद वह मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पेड़ को काटकर हटाने का काम शुरू किया गया।

# इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी की भव्य तैयारी, फूलों से सजेगा 'वृंदावन कुंज', डिजिटल पास से मिलेगी एंट्री



श्री धनंजय जगन्नाथ इस्कॉन टेंपल अध्यक्ष







**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आगामी जन्माष्टमी को लेकर गाजियाबाद के इस्कॉन मंदिर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए मंदिर परिसर को वृंदावन कुंज का स्वरूप दिया जा रहा है। सजावट में रूस और इटली से मंगाए गए फूलों के साथ बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र और मुंबई सहित विभिन्न राज्यों के विशेष फूलों का इस्तेमाल किया जाएगा।

जन्माष्टमी के दिन सुबह से धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू होगा। सुबह 11 बजे भगवान श्रीकृष्ण का विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद जन्मोत्सव से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। एक से चार तारीख तक भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मंचन भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था की जा रही है। इस बार प्रवेश के लिए डिजिटल पास की व्यवस्था होगी, जो श्रद्धालुओं को व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजे जाएंगे।

# कान्हा के रूप में सजे नन्हे-मुन्नों ने मोहा मन, कृष्ण लीलाओं से भक्तिमय हुआ स्कूल







**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर्व पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों का मनमोहक मंचन किया। कान्हा और राधा के रूप में सजे बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों का मन जीत लिया। विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण की मनोहारी झांकियां सजाई गईं। बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेम, सद्भाव, धर्म और अच्छे संस्कारों का संदेश दिया। विद्यालय की अन्य शाखाओं में भी जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के समापन पर प्रतिभागी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की गई।

# शनि मंदिर में चोरी करने वाला चोर छह घंटे में गिरफ्तार, मूर्तियां बरामद

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने किया खुलासा, मूर्तियों समेत पूजा सामग्री बरामद










**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने तिगड़ी गोल चक्कर स्थित शनि मंदिर में हुई चोरी का महज छह घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी दानिश उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई पीतल की मूर्तियां और पूजा सामग्री बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक चोर ने मंदिर का ताला तोड़कर लड्डू गोपाल की बड़ी-छोटी मूर्तियां, राधा रानी की मूर्ति, गदा, चरण पादुका, तीन पीतल के लोटे, पांच दीपक, घंटी समेत अन्य सामान चोरी किया था। मंदिर से जुड़े सूरज शुक्ला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया।

सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान मेरठ निवासी दानिश उर्फ बबलू (24) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में नोएडा में रह रहा था। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात कबूल की। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी और एनडीपीएस एक्ट समेत चार मुकदमे दर्ज हैं।

# इंदिरापुरम पुलिस के हत्थे चढ़े दो वाहन चोर, नौ दोपहिया वाहन बरामद





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** इंदिरापुरम थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की सात मोटरसाइकिल और दो स्कूटी समेत कुल नौ दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। इसके अलावा लूटे गए मोबाइल को बेचकर प्राप्त 5,120 रुपये भी बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 2/3 सितंबर की रात चेकिंग और गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्रीन बेल्ट स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास घेराबंदी कर हनी (19) निवासी मकनपुर और निखिल कुमार उर्फ नोनू (22) निवासी कल्याणपुरी, दिल्ली को गिरफ्तार किया। पूछताछ और बरामदगी के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर वाहन चोरी और लूट की अन्य घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में बड़े फैसले, श्रमिकों को आवास तो शहर को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी





**कपिल चौहान**

**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 144वीं बोर्ड बैठक में विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अप्रवासी श्रमिकों के लिए पतवाड़ी व बिरौंडी में ईडब्ल्यूएस आवास तथा ईकोटेक-06 व 11 में ट्रांजिट लेबर हॉस्टल बनाए जाएंगे। सेक्टर अल्फा-1 में सार्वजनिक पुस्तकालय भी विकसित होगा।

बैठक में 130 मीटर सड़क को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए पहले चरण में एक मूर्ति तक डबल डेकर सड़क बनाने को मंजूरी दी गई। वहीं, ग्रेटर नोएडा से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे तक 105 मीटर चौड़ी सड़क विकसित की जाएगी। रिठौरी में रेलवे लाइन पर फुटओवर ब्रिज बनेगा। एनडीआरएफ को ओमीक्रॉन-1E में 30 फ्लैट निशुल्क दिए जाएंगे। आवासीय भूखंडों पर निर्माण के लिए 30 जून 2028 तक अंतिम अवसर मिलेगा। शहर की सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग भी बेहतर की जाएगी।